तापमान

अधिकतम 42.6 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 जून 2026



सोमवार को सिम्स के ओपीडी में पर्ची कटवाने लगी रही लोगों की भीड़।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय राज्य मंत्री सावित्री का दो दिवसीय दौरा आज से



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के पूर्ण होने पर 9 जून मंगलवार को शाम 4 बजे भाजपा जिला द्वारा स्व.लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में विकसित भारत जिला स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता केन्द्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार सावित्री ठाकुर होंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि इसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।

### 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का आंदोलन आज

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस और किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस मंगलवार को आंदोलन करेगी। कांग्रेसजन बैलगाड़ी और पदयात्रा कर कांग्रेस भवन से कलेक्टोरेट का घेराव करने निकलेंगे। इसके पहले कांग्रेस के विधायक एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ता सुबह करीब 11 बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे और वहां से बैलगाड़ियों और पदयात्रा करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। कांग्रेसजनों के अनुसार सोसायटियों और पेट्रोल पंपों पर कड़े प्रशासनिक नियम थोपकर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। खाद की कटौती का तुगलकी फरमान वापस लिया जाए और किश्तों में खाद देने की नीति बंद हो।

### जागरूक नारी कार्यक्रम आज प्रार्थना भवन में

**बिलासपुर।** जल संसाधन कार्यालय परिसर स्थित प्रार्थना भवन में मंगलवार 9 जून को शाम 4 बजे एक विशेष कार्यक्रम जागरूक नारी रखा गया है। जिसमें आर्यन फिल्म द्वारा बनाई गई फिल्म साईलेंट से संबंधित चर्चा करने 10 महिला डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्व अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### लू के थपेड़ों ने झुलसने को किया मजबूर

**बिलासपुर।** सुबह से ही धूप के तीखे सख्त तेवर लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। इस दौरान दिन भर लू के थपेड़े चल रहे हैं, जिसके चलते बाहर निकलने पर झुलसना पड़ रहा है। बीच-बीच में आसमान पर छा रहे बादलों की वजह से गर्मी के साथ ही उमस भी बढ़ चुकी है, जिसके चलते मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। गर्मी के सितम अपने चरम पर है। जहां धूप में निकलते साथ ही सनबर्न का खतरा मंडरा रहा है, वहीं उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। गर्मी के पचंड तेवर के चलते कूलर और एसी काम नहीं कर रहे हैं और लोगों को भयंकर गर्मी से सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान बारिश का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, हर साल की तरह इस साल प्री मानसून की फुहारें भी अब तक दस्तक नहीं दे सकी है।

# सीयू में पेपर लीक : पुलिस को मामला सौंपने की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एग्जाम के प्रश्न पेपर लीक का मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंप दी है और यह मामला पुलिस को सौंपने की अनुशंसा की है, मामला यूनिवर्सिटी की गोपनीयता से जुड़ा होने के कारण अधिक जानकारी नहीं दी जा रही है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी द्वारा यूनिवर्सिटी प्रशासन को बंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट सौंपी गई है और आगे इस मामले में यूनिवर्सिटी क्या कार्रवाई करने जा रही है, इस पर सभी नजरें टिकी हुई हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से समर्थ पोर्टल से डाटा, प्रश्न पेपर लीक होने के मामले को लेकर पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रॉक्टर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. खेमचंद देवांगन, ओएसडी विकास प्रो. भारती अहिरवार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह शामिल थे।

हरिभूमि लगातार

## जांच कमेटी सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंपी रिपोर्ट

### हरिभूमि लगातार पेपर लीक का मामला उठाता रहा


हैक हो गया सीयू का पोर्टल, पेपर लीक की आशंका से मचा हड़कंप

हरिभूमि में 31 मई को प्रकाशित खबर।


सीयू प्रबंधन ने समर्थ से आईपी एड्रेस व लॉगिन आईडी की मांगी जानकारी

हरिभूमि में 2 जून को प्रकाशित खबर।


सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैक नहीं, डाटा लीक होने का मामला सामने आया

हरिभूमि में 6 जून को प्रकाशित खबर।

### एकेडमिक कौंसिल व एक्जिक्यूटिव कौंसिल में जाएगा मामला

यूनिवर्सिटी की फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रबंधन को सौंप दी है। अब इस जांच रिपोर्ट को यूनिवर्सिटी एकेडमिक कौंसिल एवं एक्जिक्यूटिव कौंसिल में चर्चा व निर्णय के लिए रख सकती है। इसके अलावा भी यूनिवर्सिटी मामला को पुलिस को सौंपने या कोई कार्रवाई कर सकती है, उसके बाद मामला इन कौंसिल में रखा जा सकता है। फिलहाल यूनिवर्सिटी प्रबंधन इस पूरे मामले में गोपनीयता बरत रही है।

### 32 डिपार्टमेंट में से न जाने कितने के पेपर लीक

समर्थ पोर्टल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 32 डिपार्टमेंट के प्रश्न पत्र सहित अन्य गोपनीय डाक्यूमेंट और प्रशासनिक कामकाज से जुड़ा डाटा रहता है, क्योंकि समर्थ पोर्टल का इस्तेमाल एडमिशन प्रोसेस, परीक्षा प्रबंधन, स्टूडेंट्स के डाक्यूमेंट, प्रशासनिक रिकार्ड, शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के लिए किया जाता है। इसमें स्टूडेंट्स के आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी सहित शैक्षणिक डाक्यूमेंट जैसी संवेदनशील जानकारियां अपलोड है, चूंकि यूनिवर्सिटी में हाल ही में हुए सेमेस्टर एग्जाम के प्रश्न पेपर लीक का मामला सामने आया है। इसलिए 32 टीचिंग डिपार्टमेंट में से न जाने कितने डिपार्टमेंट के पेपर लीक हुए होंगे।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस कमेटी को सात दिवस में अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने अपनी जांच कर ली है और रिपोर्ट भी सौंप दी है। इसमें जो जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार समर्थ पोर्टल हैक नहीं हुआ है, बल्कि पोर्टल से लॉगिन आईडी पासवर्ड के जरिए डाटा, पेपर लीक हुआ है। जांच के दौरान भी डाटा पेपर लीक की बात सामने आ चुकी है, परन्तु पेपर लीक करने वाला कौन है और किसके लॉगिन आईडी पासवर्ड से लीक किया गया है यह परत अभी नहीं खुल पाया है। इसलिए फैक्ट फाईडिंग कमेटी ने इस मामले को पुलिस को जांच के लिए सौंपने की अनुशंसा की है।

### सौंप दी गई है रिपोर्ट

इस मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से गठित फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने अपनी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी प्रशासन को सौंप दी है। यह सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट है, इसलिए जांच में क्या पाया गया इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है, परन्तु यह रिपोर्ट यूनिवर्सिटी के किसी फोरम में रखी जाएगी।

- प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी




## खाली मटका व गंदे पानी की बॉटल लेकर नारेबाजी करते हुए पहुंचे

# पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस का मटका फोड़ प्रदर्शन, निगम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर सोमवार को कांग्रेस द्वारा निगम कार्यालय विकास भवन को घेराव किया गया। कांग्रेसजन कांग्रेस भवन से हाथों में खाली मटका और गंदा पानी का बॉटल लेकर पहुंचे और निगम कार्यालय में जमकर नारेबाजी करते हुए खाली मटका को फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजन शाम करीब चार बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से हाथों में खाली मटका और गंदा, दूषित पानी भरी बोतल लेकर नारेबाजी करते हुए निगम कार्यालय विकास भवन पहुंचे। विकास भवन में पहले से पुलिस बल तैनात थी और मेनगेट सामने रस्सी बांधकर घेरा बना दिया गया था। कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता वहीं नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए और साथ में लेकर आए खाली मटका को पटककर फोड़ दिए। कांग्रेसजनों का कहना था कि नगर निगम के प्रायः सभी वार्डो में पेयजल संकट से जनता परेशान है। सबमर्शिबल पंप फेल हो रहे है, जिन्हें कई-कई दिनों तक बनाया नहीं जाता। निगम के टेपनलों से गंदा बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है और पर्याप्त संख्या में टेंकर भी पानी सप्लाई करने के लिए नहीं है। निगम क्षेत्र में पानी की समस्या विकराल रूप ले लिया है और जनता गंभीर पेयजल संकट से आक्रोशित है।




### इन वार्डो में पानी की संकट

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर सकरी, वार्ड नंबर 5 तिफरा, वार्ड 19 में कस्तूरबानगर व अयोध्यानगर, वार्ड 25 तालापारा, वार्ड 46 गणेशनगर, वार्ड 49 बीआर यादव नगर मोपका, वार्ड 52 लिंगियाडीह आदि क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड 29 से आए लोगों का कहना था कि नगर निगम में सम्मिलित हुए 6-7 वर्ष हो गए हैं, किन्तु वार्डवासी आज भी मूलभूत समस्याओं से वंचित हैं। इसी तरह अन्य पेयजल संकट वाले वार्डो को लेकर भी बताया गया कि कहीं पानी नहीं आ रहा है और कहीं मोटरपंप खराब है तो कई दिनों तक बनाया नहीं जाता। कई वार्डो में गंदा एवं दूषित मटमैला पानी आ रहा है।

### एमआईसी की बैठक छोड़कर आए निगम कमिश्नर

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिस समय पानी की समस्या को लेकर निगम कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया जा रहा था। उस समय विकास भवन में महापौर पूजा विधानी की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक चल रही थी। पहले तो कांग्रेसजनों को समझाने के लिए अपर आयुक्त खजांची कुम्हार और जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी आए, किन्तु कांग्रेसी उनकी बात सुनने तैयार नहीं हुए। इसके बाद निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे एमआईसी की बैठक बीच में छोड़कर आए और कांग्रेस नेताओं की बात सुनकर उन्हें आश्वासन दिए उसके बाद ही घेराव समाप्त हुआ। इस घेराव प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, निगम में पार्षद दल के नेता भरत कश्यप, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, महापौर रामशरण यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रमोद नायक, शेख नजरूद्दीन, राजेन्द्र शुक्ला, पंकज सिंह, नरेन्द्र बोलर, रविन्द्र सिंह, जावेद मेमन, राजेश शुक्ला, विनोद साहू, सुभाष ठाकुर, रंजेश सिंह, गौरव एरी आदि कांग्रेसजन शामिल रहें।

## एमआईसी में जमकर मचा हंगामा

# महापौर ने कहा- अधिकांश पार्षद निष्क्रिय, ऑफिस आते ही नहीं

**बिलासपुर।** नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा मचा। कुछ पार्षदों ने चेंबर की मांग की तो महापौर ने कह दिया कि आप लोग ऑफिस पहुंचते ही नहीं हो तो चेंबर लेकर क्या करोगे। इस तरह से निष्क्रियता से काम कैसे चलेगा। महापौर के निष्क्रिय बोलने पर पार्षद भड़क गए और महापौर को घेर लिया। जमकर हंगामा मचने के दौरान पार्षदों ने कहा कि आप अकेले जीतकर नहीं आई हो, हम सभी भी जनता से चुनकर आए हैं। इस तरह का आरोप लगाना गलत है। निगम के प्रशासनिक अधिकारियों के सामने ही महापौर और पार्षदों में जमकर बहस हुई और हंगामा मचा। सभापति विनोद सोनी और दूसरे पार्षदों ने माहौल को शांत कराया तब जाकर बैठक शुरू हुई। बाद में गहमागहमी के बीच कुल 17 प्रस्ताव पारित किए गए।सबसे बड़ा फैसला लिया गया कि निगम क्षेत्र में खुलने वाली प्रत्येक दुकान का अब रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

नगर निगम की एमआईसी की बैठक दृष्टि सभा भवन में सोमवार को हुई। पार्षद और भवन शाखा प्रभारी तिलक साहू ने बैठक के दौरान महापौर से पूछा कि उन्हें अब तक चेंबर आवंटित क्यों नहीं किया गया है। इससे उन्हें अपने ऑफीशियली काम करने में परेशानी हो रही है, उन्हें बैठने तक की जगह नगर निगम में नहीं मिल रही है जबकि वह सरकंडा क्षेत्र के वरिष्ठ पार्षद हैं। इस दौरान महापौर ने कह दिया कि आप लोग तो निष्क्रिय हैं और काम नहीं कर रहे हैं। विकास भवन तो आते ही नहीं है तो चेंबर लेकर क्या करोगे। इस बात पर तिलक साहू नाराज हो गए और विरोध किया। पीडब्ल्यूडी प्रभारी बंधू मौर्य ने तिलक साहू का साथ दिया। कुछ और पार्षदों ने भी महापौर को घेर लिया करीब आधे घंटे तक दोनों पक्षों में जमकर बहस चली।




- पार्षदों ने कहा - आप अकेले जीतकर नहीं आई हो, हम सभी भी जनता से चुनकर आए हैं
- सभापति और दूसरे पार्षदों ने शांत कराया, प्रत्येक दुकान का अब रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा

### शनिचरी में अवैध निर्माण पर हंगामा

विवाद के बीच बंधु मौर्य ने यह भी पूछा लिया की शनिचरी में जो अवैध निर्माण हुआ है उसे कब तोड़ा जाएगा। महापौर ने जांच की बात कही तो इस पर भी काफी हंगामा मचा और कहा कि कुछ खास लोगों को बचाने के लिए बाकी लोगों को छोड़ा जा रहा है। एमआईसी मेंबर संजय यादव ने अग्रवाल भवन को सील करने और उसे नहीं तोड़ने पर अधिकारियों को घेरा। इस दौरान शहर में संचालित ओयो होटल पर कार्रवाई नहीं करने के भी आरोप भवन शाखा पर लगाए गए।

### सुभाष चौक से रामसेतु चौक का नाम डॉ वेंसी रेलुमल तिर्थानी रोड

बैठक के दौरान चांटीडीह मोड़ से मुक्तिधाम होते हुए रामसेतु चौक तक सड़क चौड़ीकरण, डिवाईडर निर्माण, दिव्यांग फेण्ड्रली फुटपाथ निर्माण, डिजाईनर स्ट्रीट लाईट, उडी वॉल आर्ट आदि कार्यों के लिए साढ़े पांच करोड़ की स्वीकृति दी गई। इसका प्राक्कलन पिल्लेवार एंड एसोसियेट्स रायपुर द्वारा तैयार किया गया है। इसके साथ ही नूतन चौक स्थित प्लेस आफ सेटी (बालक) का भवन मरम्मत 6 लाख में और चाईल्ड हल्प लाईन (1098) के भवन मरम्मत एवं सुधार कार्य 5 लाख में कराया जाएगा। साथ ही फैसला लिया गया कि सुभाष चौक से रामसेतु चौक तक सड़क का नाम डॉ वेंसी रेलुमल तिर्थानी रोड होगा। डॉ वेंसी रेलुमल सिन्धी समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रहे हैं और बचपन से ही आरएसएस से जुड़े रहें है। बैठक में अवैध नल कनेक्शन का मुद्दा भी उठा। इसमें बताया गया कि डेढ लाख में सिर्फ 44 हजार 783 कनेक्शन ही वैध है। इससे निकाय को क्षति हो रही है। शासन के निर्देश पर 4000 रुपए जमा करने पर कनेक्शन को नियमित किया जाएगा। साथ ही निजि नल कनेक्शन हेतु 1215 रुपए तय है।

## मामला छत्तीसगढ़ में पटवारियों से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विभागीय परीक्षा का

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की एसएलपी, छग हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की डिवीजन बेंच ने धनंजय सिंह व अन्य द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका एसएलपी पर सुनवाई करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

हालांकि अदालत ने अपील दायर करने में हुई देरी को माफ कर दिया, लेकिन विशेष अनुमति याचिका खारिज कर दी। मामला छत्तीसगढ़ में पटवारियों से राजस्व निरीक्षक (आरआई) पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विभागीय परीक्षा का है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच और डिवीजन बेंच से राहत नहीं मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही परीक्षा निरस्त करने संबंधी हाईकोर्ट का आदेश अंतिम रूप से बरकरार रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राज्य सरकार के लिए नई परीक्षा आयोजित करने का रास्ता साफ हो गया है।



गौरतलब है कि हाईकोर्ट द्वारा 2 जनवरी 2026 और 10 अप्रैल 2026 को पारित अंतिम निर्णय एवं आदेश को चुनौती देते हुए धनंजय सिंह व अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका एसएलपी दायर की थी। इस पर सूको ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है।

इससे पहले याचिकाकर्ताओं सूर्यप्रकाश व अन्य ने याचिका दायर कर, 25 सितंबर 2023 के ज्ञापन के माध्यम से आयोजित विभागीय परीक्षा और 23 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित चयन सूची के अनुसार राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए राजस्व अधिकारियों को कॉल लेटर/नोटिस जारी करने का निर्देश देने की मांग करते हुए रिट याचिका दायर की थी। इसके बाद धनंजय सिंह और अन्य ने सिंगल बेंच द्वारा 02 जनवरी 2026 को पारित आदेश को चुनौती देते हुए डिवीजन बेंच के समक्ष अपील की।

### यह कहा था हाईकोर्ट ने

याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, ओएमआर शीट पर मोबाइल नंबर अंकित करने का प्रावधान भी शामिल है, जो न्यायालय के अनुसार, उम्मीदवारों की पहचान को सक्षम बनाकर परीक्षा की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है, जिससे निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है। न्यायालय ने आगे यह भी पाया कि 90 मिनट की समान अवधि में प्रश्नों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई थी, जिससे सभी प्रश्नों को हल करने की व्यवहार्यता पर संदेह पैदा होता है, विशेष रूप से उन मामलों में जहां कुछ उम्मीदवारों ने बहुत अधिक अंक प्राप्त किए थे।

### कोर्ट ने व्यवस्था पर जताया संदेह

विभिन्न जिलों में तैनात 22 निकट संबंधियों को लगातार रोल नंबर आवंटित करना भी संदेह का विषय माना गया। वंशिका यादव बनाम भारत संघ और पश्चिम बंगाल राज्य बनाम बैशाखी भट्टाचार्य (चटर्जी) और अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सिद्धांतों पर भरोसा करते हुए, न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षाओं की पवित्रता और निष्पक्षता को संरक्षित किया जाना चाहिए और प्रणालीगत समझौता परीक्षा रद्द करने का औचित्य सिद्ध कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### 7 रेलकर्मी सम्मानित, दिव्यांग रेलकर्मी को मिला विशेष पुरस्कार



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार ने सोमवार को तीनों मंडलों -बिलासपुर,रायपुर और नागपुर के 07 टिकट जांच कर्मचारियों को उनके उतकृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सर्वाधिक आय अर्जित करने वाली महिला कर्मचारियों में बिलासपुर की बसंती सिंह,रायपुर की रूद्राणी देव बर्मन और नागपुर की रेखा यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर पीसीसीएम ने दिव्यांग कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की।उन्होंने बिलासपुर मंडल की दृष्टिबाधित टिकट परीक्षक रानी सोनवानी को यात्रियों के निरंतर मार्गदर्शन और उतकृष्ट सेवा के लिए विशेष नगद पुरस्कार प्रदान किया। रायपुर मंडल की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एमएसटी धोखाधड़ी मामलों का पर्दाफाश किया है।टीम ने एआई की सहायता से फर्जी एमएसटी बनाने वाले पूरे गिरोह को पकड़ा और पूरे विभाग को होने वाली राजस्व हानि से बचाया। इस उतकृष्ट कार्य के लिए मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दुर्ग जितेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व वाली टीम को नगद पुरस्कार दिया गया। पीसीसीएम ने कहा कि यात्रियों की सेवा,ईमानदारी और राजस्व संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### स्वच्छता एवं पंचायत उन्नति सूचकांक पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**बिलासपुर।** कार्यालय क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र, बिलासपुर में पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए स्वच्छता एवं पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्वच्छ गांव-स्वच्छ जलवायु अभियान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम पंचायत विकास योजना तथा पंचायत उन्नति सूचकांक से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता और सतत विकास केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनसहभागिता से ही इनके स्थायी परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए अपने ग्रामों को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला पंचायत के सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक ग्राम पंचायतों के कार्यों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग, जनभागीदारी और नवाचारों के माध्यम से ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को स्वच्छता प्रबंधन के नवीन प्रावधानों, कचरा पृथक्करण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम पंचायतों में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उपायों की जानकारी दी।

### 4 महीने से वेतन नहीं, कचरा गाड़ी वालों ने कर दी हड़ताल



**बिलासपुर।** जोन क्रमांक 2 तिफरा- सिरगिट्टी क्षेत्र में कचरा संकलन टीपर चलाने वालों हड़ताल कर दिया है। इससे 8 से अधिक वार्डों में सोमवार को सफाई नहीं हुई।इनका कहना है कि पिछले चार महीने से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। हालांकि जोन कमिश्नर भूपेन्द्र उपाध्याय ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि 2 महीने का पेमेंट बकाया है। इन पीड़ति कर्मचारियों कहना है कि पहले वे ठेकेदार अमित चतुर्वेदी के अधीन टिपर में डोर टू डोर कचरा संकलन का काम करते थे। ठेकेदार का टेंडर खत्म हो गया है तीन माह हो गए पगार नही मिलने के कारण उन्हें घर चलाने में दिक्कत हो रही है। छोटे- छोटे बच्चे है, राशन पानी की बहुत दिक्कत है। कई बार ठेकेदार और जोन कमिश्नर को अवगत कराया गया। जब किसी ने ध्यान नही दिया तो टिपर खड़ा कर कचरा संकलन का काम बंद कर दिया। इन पीड़ति कर्मचारियों ने स्वयत्तसाशी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्दकुमार कुशवाहा और सुरेश तिवारी के नेतृत्व में जोन कमिश्नर श्री उपाध्याय को ज्ञापन सौंप रुका हुआ पगार दिलाने मांग की। जोन कमिश्नर ने एमआईसी से मंजूरी करा एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने आश्वासन दिया है। ध्यान रहे कि नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने सभी निकायों को फरमान जारी कर नियमित स्टाफ को हर माह की 5 तारीख और टास्क, दैनिक व ठेका कर्मियों को 7 तारीख तक वेतन-पारिश्रमिक का भुगतान कराने निर्देश दिया है बावजूद इसके इन कर्मचारियों को आज तक अपने हक के पारश्रमिक के लिए भटकना पड़ रहा है।

**सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदा किसानों से चना व सरसों** | **किसानों को सरकार से अधिक दाम व्यापारियों ने दे दिया**

# जिले के व्यापारी, सरकारी समर्थन मूल्य पर पड़े भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार द्वारा रबी सीजन में चना व सरसों की फसल लेने वाले किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई थी। हैरत की बात यह है समर्थन मूल्य में जो कीमत सरकार ने दी, उससे कहीं अधिक कीमत किसानों को व्यापारियों से मिल गई। जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी 62 सौ रूपए प्रति क्विंटल पर एवं सरसों की खरीदी 5 हजार 875 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर की गई है, जबकि व्यापारियों ने सरसो के लिए जहां किसानों को 65 सौ से 68 सौ तक का भाव दिया, वहीं चने की खरीदी 5 हजार 950 रूपए में की गई।

किसानों के द्वारा कड़ी मेहनत कर ली गई फसलों का सही मूल्य देने एवं बिचौलियों से बचाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी जैसी व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इसके विपरीत सरकार अगर व्यापरियों से भी कम पैसे देकर फसलों की खरीदी



करने लगे तो इससे सरकार की साख भी कमजोर होने लगती है। सरकार द्वारा इस साल जिले में रबी सीजन के अंतर्गत सरसों व चने की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई थी। इसके अंतर्गत किसानों से 176 क्विंटल सरसों व 353 क्विंटल चने की खरीदी की गई है। कीमत की बात करें तो सरकार ने समर्थन मूल्य अंतर्गत चने के लिए जहां किसानों को प्रति क्विंटल 62 सौ रूपए का भुगतान किया, वहीं सरसों के लिए 5 हजार 875 रूपए प्रदान किए गए, जबकि व्यापारियों ने चने के लिए प्रति क्विंटल 5 हजार 950 रूपए व सरसों के लिए 65 सौ से 68 सौ तक का भुगतान किसानों को किया है। वर्तमान में बाजार में चने की कीमत 6 हजार व सरसों की कीमत 84 सौ रूपए प्रति क्विंटल तक पहुंच चुकी है।

कृषि विभाग द्वारा जिले में इस साल 15 सौ हेक्टेयर रकबे में सरसों उगाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसकी तुलना में किसानों ने 1 हजार 221 हेक्टेयर रकबे में ही फसल ली थी। इसी तरह चना उत्पादन के लिए 3 हजार हेक्टेयर रकबे में उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन किसानों ने काफी कम 1 हजार 662 हेक्टेयर रकबे में ही चने का उत्पादन किया है। यह संभव है कि समर्थन मूल्य कम मिलने के कारण किसानों में नगदी व धान के अलावा अन्य फसलों के उत्पादन के प्रति उत्साह नहीं देखा जा रहा है।

#### गर्मी में भी धान ही किसानों की पहली पसंद

गर्मी में न केवल कीट-पतंगों का प्रकोप कम होता है, बल्कि पैदावार भी बंपर होती है। यही कारण है कि किसानों में अब भी गर्मी में भी धान की फसल ही पहली प्राथमिकता में होती है। सरकार अगर अन्य फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी कर दे तो संभव है कि किसानों में धान के अलावा अन्य फसलों के उत्पादन को लेकर भी जागरूकता आएगी। इसके विपरीत सरकार से अधिक कीमत अगर निजी क्षेत्र के व्यापारी ही देने लगें तो इससे किसानों का सरकार के प्रति भरोसा भी कम होने लगता है।

#### समर्थन मूल्य पर की गई है खरीदी

जिले में इस साल रबी सीजन के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से 5 हजार 875 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर 176 क्विंटल सरसों की खरीदी की गई है। इसी तरह 62 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर 353 क्विंटल चना भी किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचा है।

**-पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

**मरीजों को भेजा जा रहा है निजी जांच सेंटर**

# जिला अस्पताल : उद्घाटन के बाद भी नहीं हो रही सीटी स्कैन जांच, सीईसीटी रिपोर्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए की लागत से बनाए गए सीटी स्कैन जांच सेंटर लोगों के लिए सेफद हाथी साबित हो रहा है। हाल ही में जांच सेंटर का उद्घाटन किया गया है, लेकिन 4 दिन बीतने के बाद भी एक भी मरीज की जांच नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि सीईसीटी रिपोर्ट नहीं होने के कारण जांच बंद है। वहीं जांच नहीं होने के कारण मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है।

मामला जिला अस्पताल का है। जहां 4 जून को सीटी स्कैन जांच सेंटर की शुरूआत की गई, दावा किया गया कि अब मरीजों को जांच के लिए निजी अस्पताल व डायग्नोस्टिक सेंटरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, लेकिन मरीजों को जांच की सुविधा अबतक नहीं मिल सकी है। सीजीएमएससी द्वारा 100 फिल्म और प्रिंटर पहले से ही दे दिया है, ऐसे में कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मरीजों को जांच सेंटर से चलता कर दिया जा रहा है। 4 जून से अब तक 5 मरीज सीटी स्कैन कराने के लिए पहुंच चुके हैं, लेकिन एक मरीज का भी जांच नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि रिपोर्टिंग की दिक्कतों के कारण जांच बंद रखा जा रहा है।





#### सिम्स में रोजाना होती है जांच

खास बात यह है कि शासन की ओर से प्रदेश भर के जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन की सुविधा दी जा रही है, लेकिन अप्रशिक्षित कर्मचारियों व रिपोर्टिंग के लिए डाक्टर नहीं होने के कारण जांच की पूरी सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसके उलट जिले के सबसे बड़े सिम्स अस्पताल में रोजाना 30 से अधिक सीटी स्कैन किए जा रहे हैं। जिसके चलते सिम्स में वर्क लोड बढ़ चुका है। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा पूरी तरह से शुरू होने पर सिम्स में पड़ने वाला भार कम होगा।

#### डाक्टर मौजूद है

जांच की रिपोर्ट सीईसीटी रिपोर्टिंग के चलते नहीं चल रही है। एक दो दिनों में पूरी तरह से जांच की सुविधा मरीजों को मिलेगी। रिपोर्ट के लिए डॉक्टर मौजूद है।

**-डॉ एस कुजुर,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## एसईसीएल ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**बिलासपुर।** एसईसीएल ने अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत बिलासपुर के लिंगियाडीह में विकसित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। यह केंद्र बिलासपुर जिले की 200 आंगनबाड़ियों के आधुनिकीकरण एवं उन्नयन के लिए 4.72 करोड़ की लागत से संचालित परियोजना का हिस्सा है। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बेहतर सुविधाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव तैयार करती हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए सीखने का बेहतर वातावरण उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अजय बेहरा, सीएसआर विभाग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वर्तमान में केंद्र में 22 बच्चे नामांकित हैं। इस अवसर पर बच्चों को पुस्तकें, पेंसिल, ड्राइंग पैड, स्केच बुक सहित विभिन्न शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्नत केंद्र में बाल-अनुकूल शिक्षण कक्ष, बेहतर स्वच्छता सुविधाएं, शैक्षणिक सामग्री एवं आधुनिक फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में बिलासपुर जिले में अनेक महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाएं संचालित कर रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सकरी क्षेत्र में एसईसीएल की सीएसआर निधि से निर्मित किए जाने वाले अत्याधुनिक वृद्धाश्रम एवं दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र का शिलान्यास किया गया था।



# वरिष्ठता सूची जल्द होगी जारी, टेट पास शिक्षकों के लिए जारी होगा स्पष्ट आदेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के नेतृत्व में 8 जून को फेडरेशन की एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान संभाग के शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं, सेवा शर्तों और पदोन्नति से जुड़ी मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान फेडरेशन ने समस्त शिक्षक संवर्ग के हितों को पुरजोर तरीके से रखा।

संयुक्त संचालक ने फेडरेशन की मांगों पर आश्वस्त किया कि विभाग जल्द ही त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची जारी करने जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने संभाग के सभी टेट उत्तीर्ण / योग्यता धारी प्राथमिक प्रधान पाठक एवं शिक्षक संवर्ग के हित में एक स्पष्ट आदेश जारी करने की बात कही है, जिससे शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि सुनिश्चित की जा सके और उनके अधिकार सुरक्षित रहें। पदोन्नति पर संयुक्त संचालक ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि कार्यालय द्वारा इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय से मार्गदर्शन मांगा है। डीपीआई से दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन प्राप्त होते ही पूरे संभाग स्तर पर समस्त लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ तत्काल संपन्न कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर एवं फेडरेशन की टीम द्वारा शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के भौतिक सत्यापन तथा जीपीएफ पासबुक के अद्यतनीकरण को लेकर भी एक गंभीर सवाल उठाया गया। फेडरेशन ने मांग की कि इसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए संभाग के सभी बीईओएस से पूर्णता प्रमाण पत्र मांगा जाए। सहायक संचालक ने फेडरेशन की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि विभाग द्वारा बेहद जल्द ही सभी बीईओ से इस संबंध में पूर्णता प्रमाण पत्र मंगाकर कार्य की समीक्षा की जाएगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर,अश्विनी कुर्रे,रंजीत बनर्जी, चंद्रप्रकाश तिवारी, सुनील पाण्डेय, हरीश कुमार गोपाल, पुष्पलता कृष्णा, दिनेश राठौर, रविन्द्र कुमार खुटे, सी.पी. डडसेना,अजीत कुजूर, सुधीर मानिकपुरी, गेंदलाल अहिरवार,हरिश्चंद्र वैष्णव,शैलेश दिक्षित,इंद्रमण मरावी,देवेंद्र साहू,संत यादव,सतनाम जोशी,सावन सिंह ध्रुव,ओम प्रकाश सोनवानी,रणजीत सिंह राठौड़,हृदय राठौर,ईश्वर यादव, बसंत दुबे,आशुतोष राजपूत आदि मौजूद थे।

#### बैठक के मुख्य बिंदु एवं प्रशासनिक आश्वासन

संभाग स्तर पर त्रुटिरहित एवं अद्यतन वरिष्ठता सूची तत्काल जारी की जाएगी। संभाग के समस्त टेट पास शिक्षकों के लिए सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि करने स्पष्ट आदेश जारी होगा। वहीं डीपीआई से मार्गदर्शन प्राप्त होते ही संभाग स्तर पर रुकी हुई समस्त पदोन्नतियां तत्काल की जाएंगी। सभी बीईओएस से जल्द ही कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र मांगा जाएगा। फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने उम्मीद जताई है कि इन आश्वासनों से बिलासपुर संभाग के हजारों शिक्षकों में व्याप्त असंतोष दूर होगा। उन्होंने कहा कि फेडरेशन अपने शिक्षक साथियों के न्यायसंगत अधिकारों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### इंटर्न डाक्टरों की स्टाइपेंड बढ़ाने डीन को ज्ञापन

**बिलासपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क ने एमबीबीएस इंटर्न्स को मिलने वाले स्टाइपेंड को बढ़ाने की मांग की है। मरीजों की सेवा में लंबी ड्यूटी के बाद भी औसत राशि कम आंकी जा रही है।

स्टाइपेंड को 15 हजार से 30 हजार प्रतिमाह करने की मांग की जा रही है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क के सह-अध्यक्ष डॉ. निलय तिवारी के नेतृत्व में मेडिकल छात्रों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विनय कुमार, यशवंत पात्रे, छाया मंडावी, कोमल मित्तल, डॉ. कृति दुबे, प्रमोद साहू, मुस्कान कुमावत एवं मयंक यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी मांगे डीन के सामने रखी। डॉ. रमनेश मूर्ति ने छात्रों की मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने स्टाइपेंड राशि की वृद्धि को आवश्यकता बताया है।

**एजुकेशन प्लस**

## आरसीपी कम्प्यूटर इंस्टीटयूट बना युवाओं के करियर का भरोसेमंद साथी

**बिलासपुर।** अशोक नगर चौक सरकंडा स्थित आरसीपी कम्प्यूटर इंस्टीटयूट द्वारा रोजगार मंत्रा के सहयोग से आरसीपी जाब प्लेसमेंट ड्राइव 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 70+ विद्यार्थियों ने भाग लिया, जहां 14+ प्रतिष्ठित कंपनियों ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस आयोजन में 55+ विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। आरसीपी कम्प्यूटर इंस्टीटयूट पिछले 5 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग एवं करियर गाइडेंस के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। वर्तमान में संस्थान में 200+ विद्यार्थी कम्प्यूटर एवं एआई कोर्स के माध्यम से आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे वे वर्तमान समय की डिजिटल एवं रोजगार संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। संस्थान में एमएस आफिस, टैली प्राइम विथ जीएसटी, ग्राफिक्स डिजाइन, वीडियो एडेटिंग, डीसीए, पीजीडीसीए, एआई टूल्स एवं अन्य जॉब ओरिएंटेड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसी के साथ संस्थान समय-समय पर उद्योगों एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से प्लेसमेंट एवं करियर डेवलपमेंट कार्यक्रम भी आयोजित करता है।



**व्हाइट मार्किंग, रेलिंग व रेडियम से जगमगाने लगी सड़क**

# नेहरू चौक से गांधी चौक तक अब दिखने लगी सड़क की खूबसूरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक से लेकर दर्रीघाट के बीच बनाई जा रही सड़क की खूबसूरती अब नजर आने लगी है। शहर के भीतर स्थित नेहरू चौक से लेकर गांधी चौक तक सड़क का डामरीकरण पूरा किया जा चुका है। इसके अंतर्गत सड़क पर व्हाईट मार्किंग, रेलिंग व डिवाईडर निर्माण व कहीं-कहीं रेडियम भी लगाए जा चुके हैं। इससे सड़क की खूबसूरती नजर आने लगी है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच 32 करोड़ रूपए की लागत से फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा नेहरू चौक से गांधी चौक तक का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ज्ञात हो कि यह सड़क फोरलेन बननी है। इस दौरान स्थान की उपलब्धता के आधार पर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। शहर के भीतर सड़क के दोनो ओर दुकाने स्थापित होने के कारण किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की गई है, जिससे यहां सड़क की चौड़ाई यथावत है। इसी तरह तोरवा के बाद सड़क का




चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सड़क के दोनों ओर गहराई लेकर बेस तैयार किया जा रहा है ताकि सड़क मजबूत बनाई जा सके। चौड़ीकरण का कार्य दर्रीघाट तक किया जाएगा।

इधर शहर के भीतर नेहरू चौक से गांधी चौक तक सड़क का डामरीकरण किया जा चुका है। इसके अंतर्गत सड़क पर दोनों ओर व्हाईट मार्किंग की जा चुकी है। इसी तरह सड़क के बीच न केवल चौड़े डिवाईडर लगाए जा चुके हैं, बल्कि इनमें ग्रिल भी लगाई जा चुकी है। इसी तरह कहीं-कहीं रेडियम पट्टी भी लगाई जा चुकी है। रात में इस मार्ग पर आवागमन करने के दौरान सड़क की खूबसूरती अलग ही नजर आती है।

**बिजनेस प्लस**

## राजपाल फर्नीचर की शानदार सेल ग्राहकों को मिल रहा जबरदस्त लाभ

बिलासपुर। यदुनंदन नगर तिफरा स्थित राजपाल फर्नीचर में इन दिनों विशेष सेल का आयोजन किया जा रहा है, जहां ग्राहकों को किफायती दरों पर बेहतरीन क्वालिटी के फर्नीचर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शादी सीजन को देखते हुए खरीदारी पर विशेष छूट दी जा रही है। यहां सोफा, अलमारी, पलंग, ऑफिस टेबल, चेयर, डाइनिंग टेबल सहित विभिन्न फर्नीचर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि आलमारी, ड्रेसिंग यूनिट में मजबूत लिंक, गोदरेज के ताले और




स्टेनलेस स्टील के हैंडल और उच्च गुणवत्ता वाले मैटेरियल का उपयोग किया जाता है, जिससे उत्पाद टिकाऊ और भरोसेमंद बनते हैं। इसके अलावा कूलर, फ्रिज और वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरण की विस्तृत रेंज और मॉडल भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए ऑर्डर पर फर्नीचर निर्माण और फाइनेंस सुविधा भी दी जा रही है। राजपाल फर्नीचर का शोरूम बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर में स्थित है, जहां ग्राहक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## सुशासन शिविर में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

# जनता की समस्याओं का समाधान करना ही विष्णु का सुशासनः कौशिक





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 से 15 के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सुशासन तिहार के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरण किया।

सरगांव विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरित किए गए तथा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हितग्राहियों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अरहर मिनिकिट का वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल तथा उद्यान विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर जनता की समस्याओं का समाधान करना ही रामराज्य है, यही विष्णु का सुशासन है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित हैं, लोगों को अलग-अलग भटकने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अपनी घोषणाओं के अनुरूप लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा मौके पर ही उनकी शिकायतों का समाधान करना है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद पूजा कमल कौशिक को अनुविभागीय अधिकारी पथरिया ने शपथ दिलाई।

## सुशासन तिहार में 304 आवेदन मिले

**लोरमी।** राज्य शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 16 रामहेपुर स्थित तुलसा घाट डिपो परिसर में नगर पालिका का द्वितीय एवं अंतिम समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 304 आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही जनहितकारी कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 06 राशन कार्डों का निर्माण कर हितग्राहियों को वितरित किया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किए गए। सीएमओ चंदन शर्मा ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से 11 केवी विद्युत लाइन को रिहायशी क्षेत्र से हटाने, बिजली बिल माफ करने, बड़े झाड़ क्षेत्र में वन अधिकार पत्र जारी करने, तालाब का सीमांकन कराने तथा धरसा मार्ग को पुनः स्थापित करने जैसी मांग एवं शिकायतें शामिल रहीं। इस अवसर पर उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अजीत पुजारी ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल, सभापति राजेंद्र सलूजा, सभापति पूर्णिमा घनश्याम यादव, पार्षद शिव शंकर यादव, शशांक वैष्णव, सालिक बंजारे, अशोक साहू, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप,रेखा ठाकुर, मुकुल तिवारी, अर्जुन राजपूत, पवन गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुशासन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकताः सुशांत



**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखंड के ग्राम नगोई में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन शिविर में सैकड़ों हितग्राही लाभान्वित हुए। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

शिविर में कुल 565 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 249 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि सुशासन का लाभ गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे। इसके लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

## किसानों के अधिकारों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



नगोई में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों के अधिकारों को लेकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। विजय केशरवानी ने कहा कि बेलतरा विधानसभा की जनता किसी विशेष सुविधा की नहीं, बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग कर रही है। यदि गांवों में पानी नहीं, किसानों को खाद नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं और सड़कों पर विकास नहीं दिखाई देता, तो सुशासन के दावे केवल मंचों तक सीमित होकर रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेलतरा की जनता वर्षों से धैर्य के साथ अपनी समस्याओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन आज भी ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, किसान खाद के लिए परेशान हैं और कई गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। प्रशासन को इन मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी और क्षेत्र की जनता व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## शिविर में जमकर गरजीं स्मृति, रखी विविध मांगें



ग्राम नगोई में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन तिहार शिविर में पहुंची जिला पंचायत सदस्य स्मृति त्रिलोक श्रीवास ने अधिकारियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने बेलतरा क्षेत्र के लिए पेयजल संबंधी समस्या, विद्युत आपूर्ति, सड़क स्वास्थ्य शिक्षा आदि के क्षेत्र में विभिन्न मांग रखी। उन्होंने कहा कि वह विगत 20 वर्षों से पंचायती राज की विभिन्न पदों पर निर्वाचित होकर आ रही है, लेकिन विगत दो वर्षों से क्षेत्र में विद्युत विभाग एवं पेयजल की जो समस्या है एवं राजस्व विभाग के जो लापरवाही से क्षेत्र के लोग हलाकान रहे हो रहे हैं वैसा आज तक नहीं हुआ है, उन्होंने कहा कि यह अंतिम अवसर है, अब भी यदि संबंधित विभाग और अधिकारी इन विषयों पर ध्यान देकर कार्य को संपन्न नहीं किया है तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी कलेक्टर संजय अग्रवाल, कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास सहित अन्य मौजूद थे।

## चोरी के मवेशियों को मप्र के बाजार में बेचने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



ग्राम डिंडौरी क्षेत्र में दो आरोपियों द्वारा सात मवेशियों को चोरी कर मध्यप्रदेश के बजाक बाजार में बेचने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने 24 घण्टे में दो मवेशी चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

डिंडौरी चौकी से मिली जानकारी के अनुसार अशोक यादव पिता रतिराम उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम डिंडोरी ने 6 जून को पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक जून को तालाब किनारे छोड़े 7 मवेशी को गुम हो गए हैं। पुलिस ने गुम मवेशी का मामला कायम कर विवेचना में जुट गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गायब 7 मवेशयों को कुछ अज्ञात तत्व के द्वारा हांक कर जंगल के रास्ते औरापानी से गोपालपुर तक छोड़ा है, जिसको आरोपियों ने मध्यप्रदेश के बजाक में सातों मवेशियों को बाजार में बेच दिया है। डिंडौरी चौकी प्रभारी मनकराम ध्रुव तत्काल हरकत में आए एवं ग्राम नवागांव दयाली में दबिश देकर आरोपी महेश डहरिया 74 वर्ष पिता प्यारे डहरिया एवं पुत्र संतराम वर्ष 42 पिता महेश डहरिया को गिरफ्तार किया। गोपालपुर से मध्यप्रदेश के चर्चित मवेशी बाजार बजाक में खरीददार गुड्डा उर्फ असलम खान निवासी ग्राम सेलवार जिला डिंडौरी के पास 80 हजार बेचकर रकम लेकर अपने घर लौट गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 30 हजार रकम बरामद कर जब्त किया। पुलिस को मामले में गुड्डा उर्फ असलम की तलाश पुलिस कर रही है।

## जीवन को सही दिशा देने वाली ज्ञान का सागर है भागवत कथाः टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव बाबा साहब का मुंगेली नगर में आगमन हुआ। लोरमी बाईपास रोड स्थित मंगल भवन में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में विशेष रूप से शामिल हुए।

पंडाल में पहुंचकर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा व्यासपीठ का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान उनके आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला और उनकी पत्नी निशा शुक्ला एवं उनके पिता छोटेलाल शुक्ला सहित अन्य परिजनों ने स्वागत किया। इससे पहले टी.एस. सिंहदेव के मुंगेली नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा गया। महाराणा प्रताप चौक के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को सही दिशा देने वाला साक्षात ज्ञान का सागर है। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला और उनके परिवार द्वारा कराया जा रहा यह आयोजन सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता, आपसी प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज के इस व्यस्त दौर में भगवान की कथा श्रवण के लिए समय निकालना आत्मा को शांति प्रदान करता है। इस अवसर पर बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, संजय यादव, अरविंद वैष्णव, स्वतंत्र मिश्रा, एजाज खोखर, अजय साहू, जय सोनी, संजय चंदेल, रवि कोसले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति से संबंधित त्रुटियों के सुधार हेतु अंतिम अवसर

**मुंगेली।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भुगतान से संबंधित त्रुटियों के सुधार हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों, आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अनेक विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि गलत बैंक खाता नंबर, त्रुटिपूर्ण आईएफएससी कोड अथवा बैंक खाते के आधार से सीडिंग नहीं होने के कारण लंबित है। विभाग द्वारा वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के स्वीकृत प्रकरणों की जांच के दौरान ऐसी त्रुटियों की पहचान की गई है। संबंधित संस्थानों को त्रुटिपूर्ण प्रकरणों की सूची उपलब्ध करा दी गई है तथा यह जानकारी विभागीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गई है। विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान से संपर्क कर छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित त्रुटियों का एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से सुधार कराएं। निर्धारित समयावधि में सुधार नहीं होने की स्थिति में छात्रवृत्ति राशि का भुगतान संभव नहीं होगा।

## महिलाओं ने की मंदिर परिसर की सफाई



मंदिर परिसर की सफाई करते भाजपा कार्यकर्ता।

**कोदवाबानी/मुंगेली।** भाजपा मुंगेली ग्रामीण मंडल ने ग्राम मदनपुर महामाया मंदिर में स्वच्छता अभियान आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी कार्यकर्ता महिला मोर्चा कार्यकर्ता के द्वारा महामाया परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जन सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पद अधिकारियों एवं राजीव श्रीवास मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष में देश ने जो विकास एवं सुशासन स्वच्छता एवं जन कल्याण अभूतपूर्व स्वच्छ भारत अभियान जन आंदोलन के रूप में किया है। देश में स्वस्त वातावरण के निर्माण को नई गति दी विकसित भारत के निर्माण स्वच्छता महत्वपूर्ण भूमिका हैं। हर नागरिक को इसमें सहयोगी भागीदारी बनना चाहिए। भाजपा मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महिला मोर्चा कोषा अध्यक्ष अनामिका श्रीवास, रोहित यादव, शांता यादव, हीरा सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, संस्कार श्रीवास, भावेश श्रीवास, तुषार श्रीवास, डॉ. आरए श्रीवास, कावेरी श्रीवास, केवरा ठाकुर, कर्रा ठाकुर, माधव ठाकुर, बली ठाकुर, चंद ध्रुव, दुर्गा साहू, कमलनारायण निर्मलकर, लुटवा निषाद, चिंता यादव, रामा पाटले, हरिश श्रीवास आदि उपस्थित थे।

## जल संरक्षण अभियान के तहत साहू समाज का पौधरोपण



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को पेंड्रा स्थित निर्माणाधीन साहू समाज भवन परिसर में ₹एक पौधा, एक संकल्प₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में अशोक साहू, बद्री साहू, विनय साहू, विजय साहू, सुरेश साहू, खूबचंद साहू, आनंद साहू, दिलीप साहू, संतोष साहू, लोकेश साहू, कमल साहू, हरिकिशन साहू, बैजनाथ साहू, भल्ली साहू एवं विकास साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता की। महिला साहू संघ की ओर से भारती साहू, शारदा साहू और ममता साहू सहित अन्य महिलाओं ने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाने चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जीपीएम मरवाही वन मंडल के प्रकाश बंजारे तथा इंदिरा उद्यान के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।


### प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
**अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी**
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम** - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा)
एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI


# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के कक्षा 10वीं तथा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जेईई, नीट, राज्य एवं भारतीय प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दो सत्रों में किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित जिले के तीनों विकासखण्डों मुंगेली, लोरमी, पथरिया से लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। सदस्यों ने उपस्थित डीईओ मुंगेली एलपी डाहिरे व जीआर चतुर्वेदी व तहसीलदार वेदराम चतुर्वेदी का सम्मान किया गया। प्रथम सत्र में बच्चों को कैरियर से संबंधित जानकारी विषय-विशेषज्ञों जितेन्द्र गेंदले, कमलेश घृतलहरे, प्रकाश मनहर, जीवन बंजारा, देवचंद बंजारे आदि द्वारा दी गई। कक्षा 10वीं में 97 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश के टापटेन में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली हेमा साहू, 12वीं में रानू लेडवानी 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित छात्रों डाकेश कश्यप, श्रुति साहू, कुणाल कुर्रे, महेश कुमार, टिकेश्वरी साहू, पूनम निषाद आदि ने 10वीं के बाद विषय चयन की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, नगर पालिका परिषद, वन विभाग एन.के.गहरवार, खंड शिक्षा अधिकारी यतेन्द्र भास्कर, संस्था प्रचार्य आशा दिवाकर, एस.पी. कौशिक, योगकुमार पाटले, शत्रुहन कांत, राजेश दिवाकर, जितेन्द्र कुमार, आशिष टंडन, अशोक टोंडे, रोहित डिंडोरे, संजय ओगरे, बेदराम टंडन, सुरेश भास्कर, राजकुमार बनर्जी, रूपनारायण बंजारा, सूर्यकांत गोयल, जीवन बंजारा, अजाक्स जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जड़ेजा उपस्थित रहे। मंचसंचालन शैलेष कुर्रे ने तथा आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया।

## खबर संक्षेप



### राजपूत युवा मोर्चा ने बीमार के लिए की आर्थिक मदद

**लोरमी।** राजपूत समाज के युवा मोर्चा ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद परिवार की सहायता के लिए पहल की है। नवापारा निवासी सुनील सिंह राजपूत के 7 वर्षीय बीमार पुत्र के उपचार हेतु मोर्चा के माध्यम से 70 हजार रुपए की आर्थिक मदद जुटाकर परिवार को प्रदान की गई। अध्यक्ष संजय सिंह ने इस ईश्वरी कार्य में राजपूत समाज के दानदाताओं को धन्यवाद किया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि राजपूत युवा मोर्चा के 10 वर्षों के इतिहास में इस बार सहयोग करने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। इस अवसर पर पूनम, महावीर, कृष्णचंद, सतीश, चेतन, अमरदेव, रामकुमार, शेर सिंह, गणेश, रामायण, रघुनाथ, सत्यनारायण, हृदय, प्रीतम, बलराज, जवाहर, ओमकार, वीरेंद्र, शिवकृपाल, उदय, बलवंत, प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### पंचायत को 50 लाख तक की कार्य एजेंसी बनाने की मांग

**मरवाही।** सुशासन तिहार के तहत जिले के ग्राम निमधा पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से मरवाही के पूर्व सरपंच तथा निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा योगेंद्र सिंह नहरेल ने सरपंचों की ओर से मांग रखी। उन्होंने कहा कि पंचायत के क्षेत्र अंतर्गत होने वाले 50 लाख तक के निर्माण कार्यों की कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत को ही बनाया जाए। सहायक आयुक्त आदिवासी परियोजना द्वारा जारी की गई निविदा प्रक्रिया को रद्द की जाए। श्री नहरेल की मांग पर मुख्यमंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**मुंगेली।** भारत सरकार द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार 2027 (पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री) के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिले के ऐसे प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी व्यक्ति, जिन्होंने समाज, राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, वे 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में पात्रता, दिशा-निर्देश एवं आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए 94241-27281 पर संपर्क किया जा सकता है।

### उधार में दिए पैसे मांगने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** इलाज के लिए उधारी में दिए पैसे को मांगने पर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार राजपुर निवासी भानमती महिलांगे अपनी मां के साथ रहती है। 2023 में गांव के ही कुलदीप अनंत की लड़की की तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए 70 हजार रूपए उधार लिए थे। पैसे की जरूरत पड़ने पर 7 जून को जब उसके पास गई तो पैसे की बात को लेकर गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन 20 तक

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनांतर्गत प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 20 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी अपने स्कूल में 20 जून तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## घर व ऑफिस में लगे पंखे व कूलर भी नहीं दे रहे राहत

# तेज धूप ने किया लोगों का हाल-बेहाल

**मुंगेली।** तेज धूप एवं गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। दोपहर में सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा सन्नाटा रहता है। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। किसानों का कहना है कि तापमान और बढ़े जिससे समय पर पर्याप्त बारिश हो और फसल अच्छी हो।

जिले में बढ़ते तापमान व तेज धूप ने इन दिनों लोगों को बेहाल कर दिया है। अब तो लोगों को घर व ऑफिस में लगे पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। दोपहर को तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। व्यापारी भी अपनी दुकानों का शटर आधा गिराकर फर्श पर चटाई बिछाकर सोते नजर आते हैं। एक ओर बढ़ते तापमान से सभी परेशान हैं, तो दूसरी ओर किसानों का कहना है कि तापमान और बढ़े। उनके अनुसार जितना अधिक तापमान होगा, गर्मी बढ़ेगी तो समय पर पर्याप्त बारिश होगी, जिससे फसल अच्छी होगी। इस साल मई माह के दूसरे सप्ताह से जिले का तापमान बढ़ते क्रम पर है। जून माह के शुरूआत में भी तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह 8 बजे से ही सूर्य की तीखी किरणें चुभने लगती हैं। ऐसे में बिना पंखे या कूलर के घर के अंदर रहना संभव नहीं है। दोपहर 12 बजे के बाद तो ऐसा लगता है जैसे सूर्य आग उगल रहा हो। यही कारण है कि लोग आवश्यक काम होने पर ही दोपहर को घर से बाहर निकलते हैं। गर्मी बढ़ने से परेशान लोग शाम होते ही गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी दुकान या जूस सेंटर पहुंच जाते हैं। वहीं रसीले फलों आम, तरबूज व कलिंदर की बिक्री भी बढ़ी है।

■ दोपहर को सड़कों पर पसरा रहता है सन्नाटा

लोग घर में चाय की जगह लस्सी या शर्बत पीने लगे हैं। मेहमानों को भी यही दिया जाने लगा है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर जाते हैं दोपहर को जब तापमान 44 डिग्री के लगभग पहुंच गया हो और सूर्य आग उगल रहा हो तो ऐसे में कोई भी सड़कों पर नहीं निकलना चाहेगा। यही कारण है कि इन दिनों दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है।



### ओपीडी में बढ़ने लगी है भीड़

स्थिति यह है कि दोपहर को सड़कों पर दूर-दूर तक कोई नहीं दिखाई देता। अति आवश्यक काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकलते हैं। निकलने से पहले वे आंखों में सन ग्लास, सिर पर टोपी व चेहरे पर स्कार्फ लगाकर ही निकलते हैं। लड़कियां तो हैंडग्लब्स लगाकर ही घर से बाहर निकलती हैं। गर्मी के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। इसे अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखकर आसानी से जाना सकता है। डॉक्टर भी लोगों को मसालेदार व होटल में खाने की बजाये घर में कम नमक व मिर्च वाली खाने को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं।

### आवश्यक होने पर ही घर से निकलें: सीएस

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय का कहना है कि तेज धूप में लोगों को आवश्यक होने पर ही घर या ऑफिस से बाहर निकलना चाहिए। निकलने से पहले पानी पीकर सिर, चेहरा व आंखों को ढंक कर ही निकलना चाहिए। इन दिनों मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए।

## बजरंगबली मंदिर परिसर में शिवपुराण सुनने उमड़ी भीड़

# शिव स्मरण से जन्म-मरण के बंधन से मिलती है मुक्ति: पं. मिश्र



**सीपत।** नगर के बजरंगबली मंदिर के समीप आयोजित शिवपुराण कथा महोत्सव का शुभारंभ भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में हुआ। आयोजन के प्रमुख यजमान सरला चक्रमणी शर्मा एवं अनिता रामवतार शुक्ला हैं।

कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ पंडित पंकज भूषण मिश्र ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मंत्रों में जितने अक्षर होते हैं, उतनी ही संख्या में उसके जप और उच्चारण से कार्य सिद्धि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रातः, दोपहर और रात्रि में श्रद्धापूर्वक भगवान शिव की पूजा-अर्चना करता है, उसे शिव कृपा और आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त होती है। कथाव्यास ने कहा कि जीवन में तीर्थस्थलों के समीप रहकर भी यदि कोई व्यक्ति तीर्थ यात्रा नहीं करता और गंगा, सरस्वती तथा सरयू जैसी पुण्य नदियों में स्नान का महत्व नहीं समझता, तो उसका जीवन अधूरा रह जाता है। उन्होंने काशी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह वह पावन धाम है जहां भगवान शिव के स्मरण मात्र से मनुष्य को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो सकती है। कथा के दौरान पं. मिश्र ने कहा कि स्वार्थ भावना से किए गए कार्य कभी पूर्ण सफलता नहीं देते। भगवान की प्राप्ति सदाचार, निष्ठा और निष्काम भाव से ही संभव है। उन्होंने कहा कि देवों के देव महादेव का स्वरूप जितना विराट और रहस्यमय है, उनका हृदय उतना ही करुणामय और कल्याणकारी है। कथाव्यास ने बताया कि भगवान शिव को भोलेनाथ और आशुतोष इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा से तुरंत प्रसन्न हो जाते हैं। मात्र एक लोटा जल और बेलपत्र अर्पित करने से भी वे भक्तों के कष्ट हर लेते हैं। शिव किसी आडंबर या दिखावे के नहीं, बल्कि सच्चे भाव के भूखे हैं। उन्होंने कहा कि कैलाश पर्वत पर निवास करने वाले शिव का श्मशान में रमना, भस्म धारण करना और बाघम्बर पहनना यह संदेश देता है कि वे मोह-माया और सांसारिक आकर्षणों से परे हैं। समस्त ऐश्वर्य उनके चरणों में होने के बावजूद उनका वैराग्य मानव जीवन के लिए प्रेरणा है। पं. मिश्र ने समुद्र मंथन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब हलाहल विष निकला और संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई, तब भगवान शिव ने स्वयं वह विष ग्रहण कर संसार को विनाश से बचाया। इसी कारण वे नीलकंठ कहलाए। उन्होंने कहा कि शिव अपने भक्तों और सृष्टि के कल्याण के लिए हर कष्ट सहने को तत्पर रहते हैं।

# विद्या में हुई भाजपा मंडल मल्हार की बैठक



**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रदेश तथा जिला नेतृत्व के आवाहन पर हर महीने की मासिक बैठक आत्मनिर्भर मंगल बैठा के का आयोजन मंडल मल्हार के ग्राम पंचायत विद्या में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य वक्ता रवि कैवर्त ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए शासन की सभी योजनाओं तथा पार्टी की रिती नीति को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र की बैठक तथा मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केंद्र तथा प्रत्येक बूथ पर सुनने की अपील की। बैठक का संचालन करते हुए मंडल के महामंत्री राजकुमार वर्मा ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का आह्वान करते हुए मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क करते हुए केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को अवगत कराते हुए लाभार्थियों का सम्मान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मल्हार के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, अजा मोर्चा के अध्यक्ष हेमंत नारंगे, पूरन सिंह ठाकुर, सुरेश खटकर, महेंद्र पटेल, राजकुमार मधुकर, पार्षद आशुतोष वर्मा, प्रमोद थवाईत, कुशल पटेल, सुरेश बंजारे, गोविंद गंधर्व, भुनेश पटेल, रामकुमार पटेल, सुशीला पटेल, धन बाई पटेल, कांताबाई पटेल, जमुना पटेल, गेंद्रम पटेल, राजेंद्र कुर्रे, जीत सोनवानी, रमेश सूर्यकांत सहित भाजपा मंडल मल्हार के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा मातृशक्ति शामिल हुए।

# दिवंगत सर्राफा व्यापारी के परिजन से मिले नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



सर्राफा व्यापारी के परिजन से मिलने पहुंचे डा. महंत।

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत एवं उनकी पत्नी व कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत एक दिवसीय प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत सर्राफा व्यावसायी प्रदीप सोनी की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजन से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। डा. महंत ने प्रदीप सोनी हत्याकांड को दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की घटना क्षेत्र में पहले कभी देखने को नहीं मिली।

वर्तमान में व्यापारी वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। महंत ने बढ़ते अपराधों के लिए सूखे नशे को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि नशे की गिरफ्त में आने वाले लोग गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना संरक्षण के इस प्रकार की गतिविधियां संभव नहीं हैं और समाज तथा पुलिस को मिलकर इसके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों में हत्या, बलात्कार और चाकूबाजी जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय बनती जा रही है। इस दौरान मरवाही के पूर्व विधायक डॉक्टर के के ध्रुव, नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका, रमेश साहू, मदन सोनी, पुष्पराज सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन शर्मा, मनोज साहू आदि मौजूद रहे। खान सर से जुड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए महंत ने केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि खान सर गरीब विद्यार्थियों को कम शुल्क में शिक्षा प्रदान कर उन्हें उच्च पदों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार है।

### महंगाई पर केंद्र को घेरा

महंत ने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। वहीं नीट पेपर लीक मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की।

# तखतपुर में कार्यकर्ताओं ने ली पार्टी को आगे बढ़ाने की शपथ



**तखतपुर।** भाजपा की मासिक बैठक मोहन वाटिका के आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आंतरिक जानकारी के साथ आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाने और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रीतम कश्यप ने एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, बंशी पाड़े, लव पांडे, ईश्वर देवांगन, कोमल सिंह, अंकित अग्रवाल, अमित मंदानी, दिलीप तोलानी, शिव देवांगन, कैलाश देवांगन, इस्लाम अंसारी, सुरेश देवांगन, राकेश तिवारी, राजकुमार यादव, सरजू यादव, शिवम शिवहरे, ऋषभ कश्यप, सूरज रजक, टिकम कौशिक, हेमचंद कौशिक सहित बड़ी संख्या मे कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

## बैल के हमले में एक आंख खोने से परेशान चिकित्साकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



बैल के हमले से एक आंख की रोशनी खोने से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक अपनी आंख के इलाज के लिए कई डाक्टरों के पास गया, लेकिन उसे कोई फायदा नहीं हुआ। इससे परेशान होकर युवक ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी दीपक कुमार पांडेय पिता राजकुमार पाण्डेय तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत था। लगभग एक साल पहले बेलसरी में पैदल अपने घर जा रहा था तभी एक बैल ने दीपक कुमार पाण्डेय को पीछे से उठाकर पटक दिया था। इससे पहले कि दीपक संभल पाता बैल ने उसे सिंग से उठाकर एक बार फिर पटक दिया। जब बैल ने दीपक को सिंग से उठाया तब सिंग दीपक की एक आंख में घुस गया था। शोर सुनकर गांव वाले वहां आए और किसी तरह बैल को भगाया। ग्रामीणों ने दीपक को इलाज के लिए तत्काल बिलासपुर भेजा, लेकिन बिलासपुर के नेत्र चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। इसके बाद दीपक चेन्नई और हैदराबाद भी गया पर दीपक की आंखों की रोशनी वापस नहीं आ पाई। दीपक एक आंख से जीवन यापन कर रहा था, पर इस दुर्घटना के बाद से उसके शरीर के अन्य अंगों में भी तकलीफ बढ़ती जा रही थी। पिछले कुछ दिनों से उसकी दूसरी आंख में तकलीफ बढ़ने लगी थी। शारीरिक रूप से परेशान दीपक शाम को अपने कमरे में आराम करने चला गया। रात में जब खाने के लिए वह नीचे नहीं आया तो उसकी मां बुलाने के लिए ऊपर गई। मांग ने दरवाजा खोलकर देखा तो अपने बेटे दीपक को फांसी के फंदे में लटका हुआ पाया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब उसकी जेब से सुसाइड नोड मिला जिसमें उसने फांसी लगाने का कारण शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होना बताया। शव परिजनों को पोस्टमार्टम उपरांत सौंप दिया।

# आपसी सामंजस्य से ही टीम को मिलती है जीतः राजेन्द्र



**बिल्हा।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदी में आयोजित हरदी प्रीमियर लीग के शुभारम्भ कार्यक्रम में क्षेत्रीय कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला शामिल हुए। उन्होंने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। श्री शुक्ला ने कहा कि भारत सहित देश-विदेश में क्रिकेट लोकप्रिय खेल है। हमें सभी खेलों से जीवन का अनुशासन सीखने को मिलता है।

खेल शारीरिक - मानसिक संतुलन की अहम कड़ी है। इससे दिल, दिमाग़ और शरीर स्वस्थ रहता है। हम खेल को खिलाड़ी भावना से खेलते हुए जीवन में आपसी तालमेल, संयम व धैर्यता को परिभाषित करते हुए एक-दूसरे खिलाड़ी को समझते हैं। खिलाड़ी जीत के लिए मेहनत करते हुए एक दूसरे की भावना का सम्मान कर आगे बढ़ते हैं व जीत को प्राप्त करते हैं। सभी खेलों में एक टीम जीतती है और एक हारती है, लेकिन हारने वाली टीम बहुत सी गलतियों से सीखते हुए नए जूनून के साथ मेहनत करती है फिर जीतने का मजा ही कुछ और होता है। हमें सिर्फ खेल तक ही सीमित नहीं रहना है युवाओं को अपनी एक अलग पहचान बनाने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान सरपंच मनीराम ध्रुव, पूर्व सरपंच मनोज यादव, पंच ईश्वर साहू, पुरुषोत्तम कौशिक, नकुल कौशिक, सियाराम कौशिक, सोहन यादव, नारायण यादव, प्रशांत यादव, रामू दास, विवेक श्रीवास सहित समस्त ग्रामवासी जन उपस्थित रहे।

## गडरिया ढेंगर समाज ने मनाई अहिल्याबाई की जयंती



**तखतपुर।** गडरिया ढेंगर समाज के तत्वावधान में श्री राम मंदिर में अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर मीठा शरबत का वितरण कर बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पन्ना पाली ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रदीप पाली ने किया। कार्यक्रम में बहोरन लाल धनकर, विदेशी धनगर, अजय पाली प्रदेश, मनोज धनगर, चंदू पाली, लता पाली, नवीन पाली अध्यक्ष तखतपुर, लखन लाल धनगर, मोहित पाली, कल्लू पाली, रमेश पाल, नारायण प्रसाद पाली, शोभित पाली, लक्ष्मण प्रसाद पाली, बलराम पाल, निर्मला पाली, रामप्यारी पाली, लक्ष्मण प्रसाद पाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले में नोटिस**
रा.प्र.क्र. /अ-27/2025-26
ग्राम लाखासार प.ह.न. 32
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
1- दिलीप शर्मा पिता रामलोचन शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम लाखासार तह. तखतपुर जिला बिलासपुर
2- प्रदीप शर्मा पिता रामलोचन शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम लाखासार तह. तखतपुर जि. बिलासपुर

रमाकांत शर्मा **बनाम** दिलीप शर्मा वगैरह

एतद् द्वारा आवेदक रमाकांत शर्मा पिता स्व. भरतलाल शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम लाखासार तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम लाखासार प.ह.न. 32 रा.नि.म. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर में कृषि भूमि खसरा नम्बर 2685/1/छ रकबा 0.5260 हे. भूमि स्थित है जो कि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रमाकांत शर्मा, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार के नाम पर दर्ज है। वादभूमि का बंटवारा राजस्व अभिलेख में आवेदक को एक हिस्सा एवं अनावेदकगण को संयुक्त एक हिस्सा 1/2, 1/2 हिस्सो मे पृथक पृथक खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त खाता विभाजन के संबंध में मेरे न्यायालय मे दिनांक 12.06.26 को दिन 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया
**तहसीलदार**
**तखतपुर**

**कार्यालय संपदा प्रबंधन छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) मंगला बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन कमांक एल.आई.जी.-944, मूल आबंटी चंद्र विजय शर्मा पिता श्री दुष्यंत कुमार शर्मा, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.12.2006 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 05.03.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री रामदेव साहू पिता श्री स्व रामचरण साहू के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ। कि भूमि स्वामी गौतम तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी निवासी सूर्या विहार सीपत रोड बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की भूमि मौजा-डगनिया प.ह.नं. 15 रा.नि. मं. बेलतरा तहसील व जिला बिलासपुर खसरा नं. 2114/5, रकबा 0.2430 हे. को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करे। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने
दिनांक - 07.06.2026

**ललित विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**दयालबंद बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. - 9340363261**
**9827171022**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**"समंस / नोटिस"**
रानी पटेल वगैरह.....वादीगण
**// बनाम //**
आम जनता वगैरह ......प्रतिवादीगण
प्रोसेस नंबर- 2209
एम.जे.सी. (सिविल) नं.: 377/2026
आदेश दिनांक : 15.05.2026
पेशी दिनांक 10-07-26

प्रति, आम जनता (जिनका हित हो)

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादीगण के द्वारा इस न्यायालय में मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तहसील बिलासपुर में स्थित परिवर्तत भूमि एवं उसके हिस्से पर निर्मित भवन विकास खण्ड बिल्हा, अंतर्गत नगर पालिक निगम बिलासपुर वार्ड नं. 59 रानी दुर्गावती नगर वार्ड जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 27/3 रकबा 0.2020 हेक्टेयर /0.50 एकड़ के संबंध में धारा 8 (2) (क) हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 सहपठित धारा 29 और 31 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अप्राप्तवय रानी पटेल, डोलेश्वर पटेल, डोलेस पटेल की सम्पत्ति को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने की घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 10.07.2026 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आमजनता को समंस किया जाता है। आमजनता (जिनका हित हो) वे स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आमजनता (जिनका हित हो) को सूचित किया जाता है कि यदि आमजनता (जिनका हित हो) ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होते है तो उपरोक्त वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आमजनता (जिनका हित हो) की अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 23/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।
स्थान - बिलासपुर
दिनांक - 23/05/2026
**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**प्रथम न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 9 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

## 16 हजार से अधिक नागरिकों ने ली समपार सुरक्षा की शपथ



**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल द्वारा चलाए जा रहे, अभियान के तीसरे दिन आज मंडल के विभिन्न जिलों में स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में बड़े पैमाने पर समपार सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, कोरबा, सुंदरगढ़, पेंड्रा-मरवाही, कोरिया-मनेन्द्रगढ़-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया एवं कटनी जिलों के 42 विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विभिन्न संगठनों में लगभग 16 हजार विद्यार्थियों एवं नागरिकों को समपार सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को रेलवे समपारों पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने, चेतावनी संकेतों का पालन करने तथा बंद समपार फाटक को पार करने का प्रयास न करने के संबंध में जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि रेलवे समपारों पर होने वाली अधिकांश दुर्घटनाएँ मानवीय लापरवाही का परिणाम होती हैं, जिन्हें जागरूकता, धैर्य एवं नियमों के पालन से रोका जा सकता है।

# डोरसा मिट्टी, एससीआर, नर-नारायण मेले पर पूछे गए सवाल

**राज्य लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा तीसरे दिन भी दो पालियों में आयोजित की गई,सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक व दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक ली गई। सोमवार को समान्य अध्ययन पेपर 5 व 6 की परीक्षा अभ्यर्थियों ने दी। मेंस की परीक्षा शहर के 5 केन्द्रों में आयोजित की गई 1 हजार 948 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1 हजार 813 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 135 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षार्थीयों ने बताया कि सामान्य अध्ययन का पेपर 5 व 6 में छत्तीसगढ का इतिहास व संस्कृति सबंधित अधिकांश प्रश्न पूछे गए। यह दोनों प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्न आसान थे।

परीक्षार्थी रितेश साहू ने बताया कि इस प्रश्नपत्र में प्रदेश के बारे में विभिन्न जानकारी पूछी गई। प्रश्न पत्र में डोरसा मिट्टी क्या है, ए सी आर क्या है, रानी दुर्गावती योजन क्या है व नर-नारायण मेला के बारे में बताओं सबंधित प्रश्न पूछे गए। इसके साथ छत्तीसगढ के नदियों का संगम,संस्कृति व प्रदेश में चल रही कई योजनाओं के सवाल पूछे गए।

बता दें की छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा मंगलवार को समाप्त हो जाएगी यह परीक्षा 6 जून से दो पालियों में शहर के 5 केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। शहर के जेपी वर्मा कालेज, बिलासा गर्ल्स कालेज, मल्टीपरपस स्कूल, देवकीनंदन स्कूल और लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में परीक्षाएं ली गई।



### मेंस की अंतिम परीक्षा एक पाली में आज




सीजी पीएससी की परीक्षा मंगलवार को सामान्य अध्ययन 7 प्रश्न पत्र के साथ समापन हो जाएगा। अंतिम पेपर एक पाली में आयोजित की जाएगी। इसकेे पश्चात सीजी पीएससी मेंस की परीक्षा समाप्त हो जाएगी। अभ्यर्थियों ने बताया कि इसके बार परिणाम का इंतजार रहेगी। जिन अभ्यर्थियों का इसमें चयन होगा वे सीधे पीएससी के अंतिम पड़ाव इंटरव्यू में प्रवेश कर जाएंगे।

धर्म-क्षेत्र

## 22 वें दिन भी भक्तों ने किया पार्थिव शिवलिंग का निर्माण





बिलासपुर। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मिशन हास्पीटल रोड में पुरुषोतम मास पार्थिव शिव पूजा महोत्सव के 22 वें दिन सोमवार को भक्तों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। पार्थिव शिवलिंग पूजन के बाद आचार्य पं. प्रेमकान्त मिश्रा ने पुरुषोत्तम मास के माहात्म की कथा भक्तों को श्रवण कराया। जिस प्रकार भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर भक्त प्रहलाद के पिता हिरण्याक्ष का उद्धार किया एवं प्रहलाद को दिव्य उपदेश किया ठीक इसी प्रकार भूतभावन महादेव भगवान अपने सभी भक्तों का कल्याण करते हैं। पुरूषोत्तम मास शुरू होने के बाद से अब तक 31 हजार से अधिक पार्थिव शिव लिंग का निर्माण किया जा चुका है। आज के मुख्य यजमान रामअवतार अग्रवाल, रविकांत जाजोदिया, राजेन्द्र महावाल, राजू नित्यानंद अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, अरविंद दीक्षित, अजय लाडिया, आयुष जाजोदिया, दिनेश मुरारका, डॉ सौरभ भंडारी, तृप्ति भंडारी, आरती, मिश्रा, संध्या सिंह, रश्मि, मनीषा भगत रहे। पार्थिव शिव पूजा महोत्सव की पूर्णाहुति के अवसर 15 जून को 11 हजार पार्थिव शिव का निर्माण पूर्ण किया जाएगा। 5 ब्राम्हणों द्वारा मां गंगा की तर्ज पर गंगा महाआरती की जाएगी। वहीं बाल कलाकार कु. भव्या सिंह भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देंगी।

## अभिनय व रंगमंच प्रशिक्षण में हबीब तनवीर को किया स्मरण



**बिलासपुर।** 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान 8 जून को भारतीय रंगमंच के महान हस्ताक्षर हबीब तनवीर को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने वरिष्ठ रंगकर्मी मुहम्मद रफ़ीक के निर्देशन में हबीब तनवीर के नाटकों के प्रसिद्ध रंग संगीत की प्रस्तुति दी। रंग संगीत के माध्यम से उनकी रंग दृष्टि, लोक संस्कृति के प्रति समर्पण तथा भारतीय रंगमंच में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया।

इस अवसर पर अग्रज नाट्य दल के वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील चिपड़े ने कहा कि हबीब तनवीर ने भारतीय रंगमंच को लोक जीवन और लोक कलाओं से जोड़कर उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया। उनके नाटक और रंग प्रयोग आज भी रंगकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। वरिष्ठ रंगकर्मी चम्पा भट्टाचार्जी ने कहा कि हबीब तनवीर का रंगमंच समाज की संवेदनाओं और जनजीवन की वास्तविकताओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम था। उनकी रचनात्मकता और लोकधर्मी दृष्टि ने भारतीय रंगमंच को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की है। अग्रज नाट्य दल की सचिव श्वेता पाण्डेय ने कहा कि नई पीढ़ी को हबीब तनवीर जैसे महान रंगकर्मियों के कार्यों और विचारों से परिचित कराना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों और युवाओं को भारतीय रंगमंच की समृद्ध परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझ सकें और उसे आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने हबीब तनवीर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके रंगकर्म से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया। रंग संगीत की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और रंगमय बना दिया।

## प्लास्टिक का बहिष्कार करने लोगों को किया प्रेरित



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल की कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू अधिवक्ता के नेतृत्व में हरित संकल्प अभियान का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इसमें प्लास्टिक का बहिष्कार करने लोगों को प्रेरित किया गया।

■ **हरित संकल्प अभियान में पर्यावरण को लेकर किया जागरूक**

कार्यक्रम में बताया गया कि बढ़ते प्रदूषण, वृक्षों की कटाई एवं जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण गंभीर संकट में है। इसी को देखते हुए लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल ने इस समस्या को लेकर समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। प्लास्टिक को ना कहो, पेड़ लगाओ के नारे के साथ लोगों को प्लास्टिक का बहिष्कार करने हेतु प्रेरित किया गया। दीप्ति साहू ने सभी उपस्थित जनों को एक परिवार, एक पौधा, जल है तो कल है की शपथ दिलाई एवं सभी को फलदार व छायादार पेड़ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन भर की जिम्मेदारी है। हमारा लक्ष्य आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ बिलासपुर सौंपना है। अंत में क्लब की ओर से अपने घर-आंगन में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

## आर्ट ऑफ़ लिविंग प्रशिक्षण में युवाओं ने सीखी नेतृत्व कला



**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग के ज्ञान क्षेत्र आश्रम पेंडारी में आयोजित आठ दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन हुआ। इस शिविर में आसपास के क्षेत्रों से आए 26 युवकों और युवतियाँ ने नेतृत्व कौशल, आत्म-विकास और सामाजिक परिवर्तन की तकनीकें सीखीं। प्रतिभागियों ने सीखा की विपरीत परिस्थितियों में भी चुनौतियों का मुस्कुराते हुए सामना कैसे किया जाता हैं।

इस कार्यशाला में युवाओं को नेतृत्व कौशल, समय प्रबंधन, योग, ध्यान और सार्वजनिक भाषण कला का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही स्व रोजगार के लिए भी उन्हें प्रेरित किया साधना, सेवा सत्संग और संकल्प के माध्यम से युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर ज़ोर दिया गया। शिविर के दौरान युवाओं को आसपास के क्षेत्रों मे सेवा कार्य के लिए भेजा गया। प्रशिक्षक प्रीतपाल सिंह, कमल किशोर कश्यप, महेश पंद्राम और गौरी प्रजापति ने व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से युवाओं को उनकी सामाजिक ज़िम्मेदारी का एहसास कराया।

ग्रामीण विकास पर गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का संदेश भी साझा किया गया कुछ लोगों के समृद्धिशाली बन जाने से भारत समृद्ध नहीं हो सकता ?गाँवों के विकास के बिना देश का विकास असंभव है। ट्रेनिंग के बाद यही युवा गाँवों में निःशुल्क नव चेतना शिविर का प्रशिक्षण शिविर चलाते है स्वच्छता अभियान सत्संग करते है इन शिविरों में ग्रामीणों को ध्यान, प्राणायाम और स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जाताहै। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को सफल बनाने में युवाचार्य संतोष साहू, राजू कौशिक, मुकेश वर्मा, देवदास, सुचिता शर्मा,राजेश्वरी सोनू पटवा, सुनीता, ईश्वरी पाल,आशीष विशाल कौशिक, साहेब दास सुषमा कौशिक मोनिका साहू,संतोष कश्यप योगदान रहा।

कार्यक्रम

## स्वस्थ शरीर की नींव पाचन तंत्र पर होती है आधारित



**बिलासपुर।** प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में चल रहे योग शिविर में सोमवार को बीके पूर्णिमा बहन ने पवन मुक्तासन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वस्थ शरीर की नींव स्वस्थ पाचन तंत्र पर आधारित होती है और पवन मुक्तासन इस दिशा में अत्यंत उपयोगी आसन है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अनियमित खानपान और तनाव के कारण पाचन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। पवन मुक्तासन पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करता है तथा पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होता है। योग प्रशिक्षक बीके नीता बहन ने प्रतिभागियों को आसन की सही विधि बताई।

## पुरुषोत्तम मास पर दीपयज्ञ कर गाए गए प्रज्ञा गीत

**बिलासपुर।** पूज्य गुरुदेव और वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में जागृति महिला मंडल गुप्ता समाज ने पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर कश्यप भवन में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दीप यज्ञ कर प्रज्ञा गीत गाए गए।

दीप यज्ञ में सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर समाज और विश्व कल्याण की कामना की गई। प्रेरणादायी प्रज्ञा गीतों के गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सत्संकल्प पाठ में उज्वल भविष्य के सूत्रों का सामूहिक





पठन किया गया। जिससे उपस्थित सभी लोगों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिली। अंत में सभी को दैनिक जीवन में नियमित स्वाध्याय यानी अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करने और अपने विचारों को श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दिव्य आयोजन में जागृति महिला मंडल की सभी सदस्यों और गुप्ता समाज की मातृशक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह जानकारी नंदिनी पाटनवार जिला समन्वयक गायत्री परिवार बिलासपुर ने दी।

आयोजन

## धन गुरु दरबार में सजाया गया कीर्तन दरबार



**बिलासपुर।** धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया दरबार में भाई मेहरबान सिंह साहब की मासिक वरसी मनाई गई। इस अवसर पर महान कीर्तन दरबार सजा कर सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। भाई नानक राम नागपुर एवं भाई यंग मैन कल्याण ने सत्संग कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। सत्संग के बाद दरबार के प्रमुख भाई मूलचंद नारवानी ने विश्व शांति के लिए अरदास की। कार्यक्रम में दरबार के प्रबंधक भाई मूलचंद नारवानी, सुरेश वाधवानी, सोनू लालचंदानी, अमर संतानी, नरेश मेहरचंदानी, राजेंद्र पप्पू भाई, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, गंगाराम सुखिजा, विकास बजाज, अनीता नारवानी, प्राची सोनू लालचंदानी, वर्षा सुखीजा, मेघराज नारा, पार्षद कंचन वाधवानी, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, कशिश जैसवानी, पलक हरजपाल,अमृता लालचंदानी, ज्योति हिंदूजा, स्नेहा पमनानी, प्राची बजाज सहित अन्य सेवादारों का सहयोग रहा।

स्पोर्टस न्यूज

## बंगाली प्रीमियर लीग, बनर्जी चैलेंजर्स रहे विजेता





बंगाल टाइगर टीम रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर बंगाली प्रीमियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट 2026 सीजन-1 का रोचक फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह उत्साह से संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला बंगाल टाइगर एवं बनर्जी चैलेंजर्स के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बनर्जी चैलेंजर्स ने विजय प्राप्त कर बीबीपीएल 2026 की विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बंगाल टाइगर टीम उपविजेता रही। मैच का शुभारंभ मानबेन्द्र नाथ चटर्जी, सुब्रत बनर्जी एवं बीसी. गोलदार ने किया।

समापन समारोह के अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसप रजनेश सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, अभय नारायण राय तथा विनय शर्मा थे। आयोजन समिति की ओर से लाल्टू घोष, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, रिंकू मित्रा, चंदन गांगुली, सुमिता दास गुप्ता, सुमेला चटर्जी, लीना बनर्जी, अनिता गोलदार ने अतिथियों का सम्मान किया।

टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी परिवेश धर को मैन ऑफ द सीरीज तथा मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी प्रदान की गई। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परिवेश धर को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। इन्हें एक स्कूटी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। मुख्य सहयोगी संस्थान में स्वर्णिम एरा ग्रुप, सह सहयोगी में शिव मेडिसिटी हॉस्पिटल मोपका, श्री गोपाल डेयरी, सीएमडी पीजी ग्रुप कालेज, मैप्स स्कूल परसदा, बीएनआई बिलासपुर, इसनवी सोलर एनर्जी, श्याम एंड संस, मेट्रो स्टूडियो रहे।

### अम्पायर, कमेंटेटर का सम्मान

मैच के स्टार अंपायर पप्पू पटाका, कमेंटेटर मनुराज सिंह तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले तकनीशियनों को भी संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य चंदन गांगुली ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अतिथियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## अंडर-11 शतरंज में चार खिलाड़ियों का चयन

अंडर-11 जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर गेम्स एकेडमी सीएमडी चौक के पास किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली बाल शतरंज खिलाड़ियों को मंच देना एवं आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चयन करना था। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता फिड़े के नियमों के अनुसार छह चक्रों में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर -11 में बालक वर्ग में प्रथम स्थान अयांश फुलर, द्वितीय स्थान आर हरीश बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संबोधि सिंह द्वितीय स्थान शिवांगी सोनी इन सभी 4 विजेताओं का चयन 27 व 28 जून को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहाँ वे बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल शुक्ला, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा और उपाध्यक्ष गुरद्वीप सिंह अजमानी थे। इस प्रतियोगिता का संचालन मुख्य निर्णायक संदीप मिश्रा एवं सहायक निर्णायक मनोज साहू, और पवन श्रीवास रहे। प्रतियोगिता के संचालन में त्रिपेन दत्ता,संदीप गुप्ता,लोकेश पांडेय,धर्म बघेल ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव विक्रांत कक्कड़ ने समस्त अतिथियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों, निर्णायकों ने टीम का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### संविदा लेखापाल पद के लिए चयन सूची जारी

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट चकरभाठा में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (घरेलू एयरपोर्ट) के अंतर्गत स्वीकृत संविदा लेखापाल पद की भर्ती प्रक्रिया के तहत आज साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार के उपरांत चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया। जारी चयन सूची के अनुसार नवल किशोर सिंह का संविदा लेखापाल पद के लिए चयन किया गया है। वहीं पलक लांबा को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में विभिन्न सेवाओं के सुदृढ़ संचालन के लिए संविदा पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की जा रही है, जिससे एयरपोर्ट की प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** महिलाओं और किशोरियों में मासिक धर्म (माहवारी) को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा इससे जुड़े मिथकों एवं संकोच को दूर करने के उद्देश्य से जागरूक नारी नामक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 9 जून को शाम 4 बजे प्रार्थना भवन, जल संसाधन विभाग में किया जाएगा।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान आज



**बिलासपुर।** गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं निःशुल्क प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वर्ष 2016 से प्रारंभ इस महत्वाकांक्षी अभियान ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

### रेलवे स्टेशन के पास पांच रूपए में मिल रहा भोजन



**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन के पास जरूरतमंदो और राहगीरों को मात्र 5 रूपए में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाली श्री श्याम रसोई ने एक जनवरी 2024 से यह अनूठी पहल शुरू की है। स्टेशन जैसे व्यस्त इलाकों में जहां अक्सर गरीब और मजदूर वर्ग के लोग भोजन के लिए परेशान होते है वहां इतनी कम कीमत में सम्मानजनक तरीके से भोजन कराने की यह व्यवस्था लगातार क्षेत्र में सराहना बटोर रही है। यह रसोई पूरी तरह सेवा भाव को समर्पित है,जिसका मुख्य उद्देश्य भूखो को भोजन,दिलों को सुकून पहुंचाना है। यहां आने वाले हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के पूरे आदर के साथ स्वादिष्ट और शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा जाता है। इस रसोई के संचालको ने बताया कि भोजन की स्वच्छता और गुणवत्ता ही पहली प्राथमिकता है। यहां का माहौल ऐसा तैयार किया गया है कि भोजन करने आने वाले हर जरूरतमंद को यह एहसास हो कि इसे पूरे प्रेम और सेवा भाव से बनाया गया है।

### गाड़ी को बिना कार्रवाई के छोड़ा, दो लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने सिविल ड्रेस में कबाड़ी गाड़ी को रोककर बिना कार्रवाई छोड़ने पर सिरगिट्टी थाना के दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। 2 जून की रात सिरगिट्टी थाना के आरक्षक सुशील कुमार बंजारे, प्रकाश तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को बिना सूचना दिए सिविल ड्रेस में सिलपहरी रोड़ कबाड़ से भरी गाड़ी को रोक लिया। उसके बाद कबाड़ी को फोन लगाकर टीआई बनकर बातचीत की और उसे थाने बुलाया। दूसरे दिन कबाड़ी गाड़ी को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया था। 8 जून को एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

**पांच दिन पहले का मामला**

**एक साल पुराना फर्जी वीडियो वायरल करने की दी धमकी, एक लाख रुपए मांगे**

# आरक्षक का भयादोहन: एक पुलिसवाले, दो कथित पत्रकारों सहित 4 पर जुर्म दर्ज



पैसा मंगवाने में तथाकथित दो पत्रकारों के नाम सामने आया

आरक्षक से वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में एक लाख रुपए की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक साल पुरानी बीयर की बोतल रखे हुए आरक्षक का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने के एवज में एक लाख रुपए की मांग करने के मामले की जांच एएसपी कर रहे हैं। उन्होंने वाइस रिकार्डिंग में सौदाबाजी करने ... मामले की जांच करने का आदेश दिया है। 6 जून को एएसपी श्री पटेल ने चायवाले को तलब कर पूछताछ कर बयान लिया है। खबर है कि चायवाले ने दो तथाकथित पत्रकारों के कहने पर सौदेबाजी करना स्वीकार किया है। वहीं पत्रकारों ... वीडियो उपलब्ध कराने आरक्षक का नाम भी उसने ... कर दिया है। शीघ्र ही ... कार्रवाई किए जाने ...

■ एएसपी ने सौदेबाजी करने वाले ...

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक साल पुराने फर्जी वीडियो वायरल नहीं करने के एवज में एक लाख रुपए की मांग करने के मामले में जांच के बाद सिविल लाइन पुलिस ने फर्जी वीडियो बनाने वाले आरक्षक, दो तथाकथित पत्रकार, चाय ठेला वाले के खिलाफ भयादोहन का मामला दर्ज कर लिया है।

पांच दिन पहले सिविल लाइन थाना के मनोज साहू को थाने के सामने चायठेला लगाने वाले सोनू ठाकुर ने फोन कर उसकी बीयर की बोतल रखे थाने में सोते हुए वीडियो भेजा। उक्त वीडियो एक साल पुराना था। उसे सोशल मीडिया में वायरल नहीं करने के एवज में सोनू ठाकुर ने आरक्षक से पहले एक लाख रुपए की मांग की, उसके बाद बातचीत के दौरान 50 हजार रुपए मांगने लगा। आरक्षक ने पैसा देने से मना किया तो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। 6 जून को एएसपी पंकज कुमार पटेल ने चायवाले सोनू ठाकुर को तलब कर पूछताछ कर बयान लिया, सोनू ठाकुर ने तथाकथित पत्रकार अनुज श्रीवास्तव, जिया खान के कहने पर सौदेबाजी करना स्वीकार किया है। वहीं उसने सिरगिट्टी थाने में पदस्थ आरक्षक रितेश मिश्रा के द्वारा पत्रकारों को वीडियो उपलब्ध कराना स्वीकार किया। जांच के बाद 8 जून को सिविल लाइन पुलिस पीड़ित आरक्षक मनोज साहू की रिपोर्ट पर आरक्षक रितेश मिश्रा, तथाकथित पत्रकार अनुज श्रीवास्तव, जिया खान, चायठेला वाला सोनू ठाकुर के खिलाफ भयादोहन कर अवैध उगाही बीएनएस की धारा 308 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### जुर्म दर्ज किया गया

पीड़ित आरक्षक की रिपोर्ट पर आरक्षक रितेश मिश्रा, अनुज श्रीवास्तव, जिया खान व सोनू ठाकुर के खिलाफ भयादोहन कर अवैध वसूली करने का मामला दर्ज किया गया है। जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सिविल लाइन सीएसपी

### 4 एसआई सहित 18 पुलिसकर्मियों का तबादला



**बिलासपुर।** एसएसपी श्री सिंह ने प्रशानिक दृष्टिकोण से बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर का सिविल लाइन, ब्यास नारायण बनाफर का सरकण्डा से बेलगहना चौकी प्रभारी, अमृत साहू का रतनपुर से सकरी, गुलाब सोनवानी का पुलिस लाइन से चकरभाठा, एएसआई विमला मनहर का तोरवा से सरकण्डा, ओंकार प्रसाद बंजारे का पचपेड़ी से सकरी, आरक्षक प्रफुल्ल सिंह का बेलगहना से मोपका पुलिस सहायता केंद्र, विकास सेंगर का सिविल लाइन से रतनपुर, आरक्षक संजय कुमा यादव का रतनपुर से मस्तूरी, गोविंदा जायसवाल का रतनपुर से मस्तूरी, आशीष वस्त्रकार का जूनापारा से तखतपुर, धनेश साहू का पुलिस लाइन से यातायात, अंकेश केशकर का पुलिस लाइन से पचपेड़ी, ज्ञानेश्वर यादव का पुलिस लाइन से मोपका पुलिस सहायता केंद्र, मुकेश राय का पुलिस लाइन से तोरवा, आशीष शर्मा का सकरी से सिरगिट्टी, अफाक खान का सकरी से सरकण्डा, संतोष राठौर का सरकण्डा से सकरी थाना तबादला किया है।

**शहर की स्वच्छता की पड़ताल करने के लिए दिल्ली से चार सदस्यीय टीम पहुंची**

# केन्द्रीय टीम ने पूछा- शहर की सफाई कैसी है, लोगों ने कहा-पहले से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की स्वच्छता की पड़ताल करने के लिए दिल्ली से चार सदस्यीय टीम पहुंची है। टीम ने सोमवार को शहर के मुख्य इलाकों की साफ-सफाई का निरीक्षण करने के साथ लोगों की राय ली। इधर केंद्रीय टीम को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन की तरफ से रात के अलावा दिन में भी व्यस्त सड़कों की धुलाई और धूल सोखने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन को उतारा गया। केंद्रीय टीम ने सरकंडा, बहतराई, सकरी, शनिचरी आदि इलाकों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया है। इन इलाके के निरीक्षण के दौरान टीम ने लोगों से पूछा कि सफाई व्यवस्था कैसी है, जिस पर रहवासियों ने पहले की तुलना में बेहतर बताया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय टीम के आने की जानकारी मिली है, लेकिन किन-किन इलाकों में जाकर निरीक्षण किया गया है, इसकी जानकारी नहीं है।

■ इधर कचरे का ढेर और दीवालों पर पान-गुटखे के पीक

केंद्रीय टीम निगम के सभी आठ जोनों में जाकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर वहां के प्रमुख लोगों, व्यापारियों और समाज सेवा से जुड़े लोगों से चर्चा कर फीड बैक ले रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण करने के लिए पहुंची टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर यह देखा कि शहर कितना साफ है। शहर गार्बेज फ्री सिटी के स्तर के हिसाब से है या नहीं। मंगलवार को भी केन्द्रीय टीम शेष बचे इलाकों में निरीक्षण करेगी। निगम के अधिकारियों ने बताया कि सफाई व्यवस्था देखने के बाद इसकी रिपोर्ट बनाकर केंद्रीय टीम भारत सरकार को सौंपेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही निगम को अंक मिलेंगे।




### यह सब देखा टीम के अधिकारियों ने

दिल्ली से आने वाली टीम ने शहर में घूम-घूमकर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। इसके तहत सरकारी और निजी संस्थानों में साफ-सफाई की स्थिति, भवनों के कार्नर में पान-गुटखे के पीक देखे गए। बाजारों में कचरों के उठाव की स्थिति, व्यावसायिक क्षेत्रों में रात की सफाई, मैकेनाइज्ड स्वीपिंग हो रही है या नहीं भी देखी गई। सड़कों, नालियों की नियमित सफाई, शौचालयों की स्थिति की भी जांच की गई। इसके साथ ही स्वच्छता सर्वे 2025-26 में लोगों की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा अहम कर दी गई है। अब लोग केवल तय समय में शिकायत नहीं करेंगे, बल्कि सालभर स्वच्छता एप, माईगव, वोट फॉर माय सिटी पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए फीडबैक दे सकेंगे।

### भौतिक परीक्षण के बाद जारी होगी रैंकिंग

निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की अभी शुरूआत हुई है। दिल्ली से स्वच्छता सर्वेक्षण करने पहुंची अधिकारियों की टीम बुधवार को लौट जाएगी।इसके बाद दो अलग-अलग चरणों में फिर से टीम आकर सर्वेक्षण करेगी। भौतिक परीक्षण के बाद ही सर्वे का काम पूरा होगा। अगस्त के अंत में शहरों की रैंकिंग जारी होगी। गौरतलब है कि पिछले साल छत्तीसगढ़ के लिए सर्वे शानदार रहा था। प्रदेश ने 7 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे। बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था। छोटे शहरों में बिलासपुर का बिल्हा नगर पंचायत देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित हुआ था। इस परफॉर्मेंस को बनाए रखने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निगम, पालिका और पंचायतों को पत्र जारी कर सर्वे से जुड़े सभी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### दाग खत्म नहीं कर पाए इसी में कटेंगे अंक

अधिकारियों के मुताबिक स्वच्छता सर्वे 2025-26 में कुल अंक 12500 कर दिए गए हैं। इनमें से 10500 अंक ग्राउंड निरीक्षण पर आधारित होंगे। यानी सड़कों, दीवारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार और कॉलोनियों में दिखने वाली सफाई से रैंकिंग होगी। नई व्यवस्था में रेड स्पॉट और येलो स्पॉट के लिए अलग-अलग 75 अंक तय किए गए हैं। यदि शहर इन्हें पूरी तरह खत्म नहीं कर पाए, तो सीधे अंक कटेंगे और राष्ट्रीय रैंकिंग नीचे जाएगी। आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ व्यावसायिक इलाके, सार्वजनिक स्थल, पार्क, पर्यटन स्थल और परिवहन केंद्र भी जांच के दायरे में रखे गए थे। मौके पर फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

**रतनपुर स्थित मातृका अस्पताल का मामला**

# नर्सिंग होम के डायरेक्टर डाक्टर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के मातृका नर्सिंग होम अस्पताल में इलाज के बाद हुई महिला मौत के मामले में हॉस्पिटल के डायरेक्टर व डॉक्टर को नोटिस जारी किया गया है।

मामला रतनपुर स्थित मातृका नर्सिंग होम का है। बताया जा रहा है कि मृतका 50 वर्षीय महिला कुमारी बाई साहू का ऑपरेशन किया गया।इसके बाद उसकी स्थिति भी बिगड़ने से मौत हुई। परिजनों ने शिकायत की है कि यहाँ सरकारी डॉक्टर ने इलाज किया और रतनपुर अस्पताल के ही डाक्टर व स्टाफ आमतौर पर यहां काम करते हैं।




### डायरेक्टर व डॉक्टर को नोटिस

जांच टीम अभी नहीं बन पाई है। नर्सिंग होम के तहत अस्पताल प्रबंधन ने आवेदन दिया है, लेकिन पंजीयन नहीं हो सका है। महिला की मौत के मामले में अस्पताल के डायरेक्टर और इंचार्ज, डाक्टर को नोटिस जारी किया गया है।

**- डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभागे

# मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात पार

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उर्तुम में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित परिवार दसगात्र कार्यक्रम में अपने गृह ग्राम गया था।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उर्तुम निवासी मीनाबाई गंधर्व ने मोपका पुलिस सहायता केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 31 मई को वह अपने पति और बच्चों के साथ ससुराल ग्राम नेवसा में एक दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इस दौरान घर पर ताला बंद था। 7 जून को सुबह करीब 10 बजे जब पूरा परिवार वापस लौटा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।घर के भीतर अलमारी भी टूटी पाई गई। अलमारी के भीतर रखे तीन जोड़ी चांदी के पायल,एक सोने का मंगलसूत्र,एक चांदी का चम्मच और सोने की फुल्ली चोरी हो गई है। चोरी गए इन कुल मशरूके की कीमत लगभग 30 हजार रुपए आकी गई है। मोपका चौकी में शिकायत मिलने के बाद मामले की मूल डायरी को सरकंडा थाना स्थानांतरित किया गया है। बीएनएस 2023 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी गई है।

# बारिश से पहले फिर धरे गए रेत माफिया, 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने लगाने खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की विशेष टीम ने अभियान चलाकर 5 हाइवा एवं 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कुल 9 वाहनों को जब्त किया है।

बारिश के करीब आते ही रेत माफिया सक्रिय हो चुके हैं, ताकि अभी अधिक से अधिक रेत का भंडारण किया जा सके व बारिश के दौरान मनमानी कीमत पर उसकी बिक्री कर मोटी कमाई की जा सके। खनिज विभाग द्वारा 6 जून से 8 तक जिले के सरकंडा, सीपत, करगी, कोटा, पोड़ी, कोनी एवं मंगला क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान अवैध रूप से रेत एवं चूनापत्थर का उत्खनन तथा परिवहन करते पाए गए वाहनों पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान करगी क्षेत्र में रेत परिवहन करते एक हाइवा, कोनी क्षेत्र में चूनापत्थर परिवहन करते एक हाइवा तथा सरकंडा क्षेत्र में चूनापत्थर परिवहन करते दो हाइवा वाहनों को जब्त किया गया। वहीं सीपत क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते एक हाइवा पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार मंगला क्षेत्र के शिवघाट बैराज से अवैध रूप से रेत उत्खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा पोड़ी क्षेत्र में रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं। सभी जब्त वाहनों को संबंधित थाना क्षेत्रों कोनी, कोटा, सरकंडा एवं सीपत की अभिरक्षा में रखा गया है।




खनिज विभाग की विशेष टीम ने जब्त की वाहन।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज संपदा के अवैध दोहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### की जा रही है निगरानी

खनिज विभाग द्वारा टीम बनाकर जिले के विभिन्न हिस्सों में तीन दिनों तक छापामार अभियान चलाया गया था। इस दौरान 5 हाईवा व चार टैक्टर व ट्राली जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। बारिश में रेत के संभावित अवैध भंडारण की आशंका पर विशेष निगरानी बरती जा रही है।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक खनिज विभाग

### 8 जुआरी मुचलका जमानत पर रिहा

**बिलासपुर।** पुलिस ने खेत में दबिश देकर जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। जुआरियों के पास से 25 हजार रुपए, 6 बाइक, 8 मोबाइल जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे जुआरियों में हड़कंप मच गया और पुलिस से बचने भागने लगे। रतनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरा तालाब के पास खेत में घेराबंदी कर जुआ खेलते हेमंत कश्यप निरधी पाली, संजू नवरंग सिरसहा तखतपुर, अक्षय जायसवाल सेमरा, रविकांत जायसवाल भैंसाझार, महेन्द्र कुमार पाव जोगी अमलाई, विरेन्द्र कुमार साहू रतनपुर, शाहिल खान करैहापारा, संतोष राजपूत खैरा निवासी को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है। उनसे 25 हजार रुपए, 6 बाइक, 8 मोबाइल जब्त किया गया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ग्रामीण से 9 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** नौकरी लगाने के नाम पर एक ग्रामीण से 9 लाख रुपए की ठगी करने वाले दंपती के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।




■ दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज

कोटा पुलिस के अनुसार नेवरा निवासी बिहारी टोडर ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी पहचान जगदलपुर धरकमपुरा निवासी खीर सिंधु हरपाल उनकी पत्नी रेखा हरपाल से थी। दोनों पेशे से शिक्षक हैं। दंपती ने उनके छोटे भाई को सहायक ग्रेड 3 के पद पर सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा दिया। नौकरी लगाने के लिए 10 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। 8 जुलाई 2024 को उन्होंने आनलाइन 1 लाख रुपए ट्रांसफर किया। 24 नवंबर 2024 को उन्होंने जगदलपुर स्थित दंपती के निवासी में 3 लाख रुपए नकद दिया। उसके बाद फिर 5 लाख रुपए दिया। इस तरह से उन्होंने कुल 9 लाख रुपए दिए थे। दंपती ने चार माह में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। तय समय बीत जाने के बाद नौकरी नहीं लगने पर दंपती गोलमोल जवाब देने लगे। उन्होंने अपना पैसा वापस मांगे तो इनकार कर दिया। श्री टोडर ने कानूनी नोटिस भेजा तो कोई जवाब नहीं दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद दंपती खीर सिंधु हरपाल, उनकी पत्नी रेखा हरपाल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# चाकूबाजी: घायल राजमिस्त्री की इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बीच बाजार चाकू के हमले से घायल राजमिस्त्री की दूसरे दिन इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई है। पुलिस ने रायपुर से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, परिवार की महिला को भगाने पर आरोपी ने मृतक की हत्या करना स्वीकार किया है।



मृतक।



आरोपी।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मूलतः मुंगेली निवासी केवल गिरी गोस्वामी उर्फ मनीष तिफरा बाजार चौक में किराए के मकान में विगत 13 साल से परिवार के साथ रह रहा था। वह राजमिस्त्री का काम करता था और उसकी पत्नी पूजा बाजार चौक में फल दुकान चलाती है। 7 जून की रात 9.30 बजे केवल गिरी गोस्वामी उर्फ मनीष काम से लौटने के बाद बाजार चौक में अपनी पत्नी के साथ उसके फल दुकान में खड़ा था। इसी दौरान चेहरे में कपड़ा बांधकर एक युवक आया और केवल गिरी गोस्वामी उर्फ मनीष पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पत्नी पूजा ने हमलावर को पकड़कर कपड़ा खींची तो हमलावर की पहचान तिफरा बाजार चौक निवासी दुर्गेश साहू उर्फ सर्किट पिता रामेश्वर साहू 32 साल के रूप में हुई। महिला से हाथ छुड़ाकर आरोपी भाग निकला था। घायल राजमिस्त्री को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था।

8 जून को सुबह 11 बजे इलाज के दौरान राजमिस्त्री की मौत हो गई। इधर पुलिस ने पतासाजी कर रायपुर से फरार आरोपी दुर्गेश साहू उर्फ सर्किट को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने पत्नी पूजा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103, 115, 2 के तहत आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### परिवार की महिला को भगाने पर की हत्या

टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, मृतक ने आरोपी के परिवार की महिला को भगाकर सैदा में रख लिया था, जिसको लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। आरोपी अपने परिवार के साथ रायपुर में रह रहा था। दो दिन पहले वह शहर आया था और अपने ससुराल बीड़ी श्रमिक कालोनी में रूका था। उसी बात की रंजिश को लेकर उसने फल व्यापारी की चाकू मारकर हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

### पुलिस पहले कार्रवाई करती तो नहीं जाती जान

मृतक की पत्नी पूजा गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि आरोपी दुर्गेश उर्फ सर्किट बहुत से उसके पति से विवाद कर परेशान कर रहा था। दीपावली के समय उन्होंने दुर्गेश के खिलाफ सिरगिट्टी में दो बार रिपोर्ट लिखाने गए। दोनों बार पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। पुलिस पहले उसके खिलाफ कार्रवाई करती तो उसके पति की जान नहीं जाती। उनके तीन छोटे छोटे बच्चे हैं, अब बच्चों को कौन पालेगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152